हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 35.8 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

13 डेढ़ दशक बाद गांधी सदन के सामान्य सभागार में...



13 बगीचों में सेहतमंदी के लिए लगाए ओपन जिम...



# चार साल से प्रवेश शून्य, रविवि ने अंततः समाप्त कर दी चार महाविद्यालयों की संबद्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने अस्थायी रूप से चार महाविद्यालयों की संबद्धता समाप्त कर दी है। फरवरी में हुई विद्यापरिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया था। इसके बाद सोमवार 24 मार्च को विवि ने इन महाविद्यालयों की संबद्धता समाप्त करने संबंधित आदेश जारी कर दिया। विवि द्वारा कई वर्षों के अंतराल में एकाध महाविद्यालय की संबद्धता समाप्त की जाती रही है, लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी शैक्षणिक सत्र में एक साथ चार महाविद्यालयों की संबद्धता खत्म की गई हो। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि इन महाविद्यालयों द्वारा एफिलिएशन फीस प्रदान नहीं की जा रही थी।

महाविद्यालयों में कोरोना के बाद से पिछले चार शैक्षणिक सत्रों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगभग शून्य रही। इसके चलते ये कॉलेज संबद्धता के लिए प्रतिवर्ष विवि को प्रदान किए जाने वाले शुल्क का भी भुगतान नहीं कर पा रहे थे। जिन महाविद्यालयों को बंद किया गया है, उनमें से माना के दो तथा धमतरी और खरोरा के एक-एक संस्थान हैं। नए सत्र से यहां प्रवेश संबंधित गतिविधियां नहीं होंगी।

### नहीं दे पा रहे थे न्यूनतम वेतनमान

विश्वविद्यालय के सेक्शन-28 के अनुसार, महाविद्यालयों को अपने संस्थान में अध्यापन कार्य करने वाले प्राध्यापकों को न्यूनतम वेतनमान देना अनिवार्य होता है। प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या कम होने के कारण महाविद्यालय इस मापदंड का पालन नहीं कर पा रहे थे। बंद होने वाले सभी महाविद्यालय स्वयं के भवन में संचालित हो रहे थे। इसके बाद भी लागत के अनुपात में कमाई नहीं कर सके। इसके अतिरिक्त, नैक ग्रेडिंग, स्टूडेंट प्लेसमेंट पर भी यहां कार्य नहीं किया जा सका। विश्वविद्यालय के प्रवेश संबंधित आंकड़ों के मुताबिक, छात्रों की पहली प्राथमिकता शासकीय महाविद्यालय ही हैं। शुरुआती चरणों में सरकारी कॉलेज की ही सीटें भरती हैं। निजी महाविद्यालयों में छात्र अंतिम चरण में ही दाखिले ले रहे हैं। शीर्ष निजी महाविद्यालयों के अतिरिक्त अन्य प्राइवेट कॉलेजों को अपनी सीटें भरनी मशक्कत करनी पड़ रही है।

### प्रवेश शून्य होने के कारण नहीं दे पा रहे थे संबद्धता फीस, ऐसा पहली बार

- परंपरागत पाठ्यक्रम के लिए छात्रों का रूझान शासकीय महाविद्यालयों में
- कोरोना के बाद से पिछले चार शैक्षणिक सत्रों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगभग शून्य रही



### इन महाविद्यालयों पर ताला

1. प्लेटिनम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, माना
2. एवीएस प्रेसिडेंसी इंटरनेशनल कॉलेज, माना
3. नानकचंद रमेशचंद अग्रवाल महाविद्यालय, खरोरा
4. प्रज्ञा कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, रत्नाबांध, धमतरी

## खबर संक्षेप

### चंद्रप्रकाश रायपुर रेंज के नए रेंजर

**रायपुर।** विधानसभा में गलत जानकारी देने के आरोप में निलंबित सतीश मिश्रा की जगह अब धमतरी रेंज के रेंजर चंद्रप्रकाश महोबिया उनकी जगह पदस्थ किया गया है। वन मुख्यालय ने पीसीसीएफ वी. श्रीनिवास राव के निर्देश पर चंद्रप्रकाश का धमतरी से रायपुर स्थानांतरण किया गया है। नए रेंजर के आदेश सोमवार को सीसीएफ राजू आगासिमनी ने जारी किया है।

### जुआ खेलते 10 गिरफ्तार एक लाख 66 हजार जब्त



**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते 10 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक लाख 66 हजार रुपए नकद के साथ ताशपत्ती जब्त की है। पुलिस ने जुआरियों को अमलीडीह गोमती विहार स्थित एक मकान में जुआ खेलते गिरफ्तार किया है।

### गांजा तस्करी, महिला समेत तीन गिरफ्तार



**रायपुर।** गंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्करी करने के आरोप में उत्तरप्रदेश की एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने उत्तरप्रदेश, कुशीनगर निवासी बृजेश निषाद, कमलेश निषाद तथा चंदादेवी निषाद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तीनों के कब्जे से सवा तीन लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 33 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने तीनों को स्टेशन रोड से सटे एक्सप्रेस-वे को पास से गिरफ्तार किया है।

### स्टेशनरी शॉप में चोरी एक आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने स्टेशनरी शॉप से फोटोकॉपी मशीन तथा प्रिंटर चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। स्टेशनरी शॉप में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने धनेंद्र कुमार साहू उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया है। धनेंद्र ने रविवार-सोमवार दरमियानी रात बजाज कॉलोनी स्थित मनीष मोटवानी की स्टेशनरी शॉप का ताला तोड़कर चोरी की थी।

### ऑनलाइन सट्टा संचालित करते दो गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने मोबाइल से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करते दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के आरोप में पुलिस ने चंचलदास जयसिंघानी तथा गौतम आहूजा को गिरफ्तार किया है। दोनों सटोरिये तेलीबांधा के गली नंबर 3 में एक डेलीनीड्स दुकान के सामने क्रिकेट सट्टा संचालित करते पकड़े गए।

जिला मूल्यांकन समिति की बैठक के बाद तय होगी नई गाइड लाइन

# रजिस्ट्री की नई दरें मई से, प्रस्ताव 31 मार्च तक मंगाए गए, दावा-आपत्तियां 15 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर जिले में पिछले करीबन 7-8 वर्ष से कलेक्टर गाइड लाइन के बाजार भाव में जमीन की कीमत बढ़ी नहीं है और न ही इतने वर्षों में जमीन की कीमत को लेकर कोई सर्वे हुआ है। लंबे समय से कलेक्टर गाइड लाइन में जरूर जमीन की कीमत बढ़ी नहीं है, लेकिन हकीकत में रायपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में जमीन की कीमत दो से चार गुना तक बढ़ चुकी है। इसे देखते हुए इस बार गाइड लाइन में जमीन की कीमत में बढ़ोतरी किए जाने की संभावना अधिक है। पंजीयन विभाग के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार नई गाइड लाइन तय करने के लिए पंजीयन विभाग के मुख्यालय से सभी जिलों में प्रस्ताव बनाने के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। इसके तहत 31 मार्च तक प्रस्ताव मंगाए गए हैं। इन प्रस्ताव को मंजूरी देने से पहले पंजीयन विभाग द्वारा दावा-आपत्तियां लिए जाएंगे, जिसका निराकरण के बाद नई गाइड लाइन लागू की जाएगी। इस कारण इस बार नई गाइड लाइन एक मई से लागू किए जाने की संभावना है।

### एक अप्रैल से गाइड लाइन लागू करने का नियम, सर्वे-प्रस्ताव तक नहीं बना

हर बार नए वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से कलेक्टर गाइड लाइन लागू की जाती है, लेकिन इस बार एक माह विलंब से गाइड लाइन लागू किए जाने की संभावना है। गाइड लाइन में जमीन की नई दरें तय करने के लिए प्रस्ताव बनाए जाते हैं। ये प्रस्ताव तहसील स्तर पर किए गए सर्वे के आधार पर बनाए जाते हैं। तहसील कार्यालयों के माध्यम से किस क्षेत्र में डेवलपमेंट के कार्य ज्यादा हो रहे हैं, उन क्षेत्रों में जमीन की कीमत कितनी बढ़ी हैं। इसका सर्वे कर पता लगाया जाता है। सर्वे के बाद तहसीलदारों द्वारा रिपोर्ट बनाई जाती है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही प्रस्ताव प्रशासन को भेजे जाते हैं। जिस पर अंतिम निर्णय दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद फाइनल गाडइ लाइन जिला मूल्यांकन समिति को भेजी जाती है।

### अब तक आए नहीं प्रस्ताव

नई गाइड लाइन में जमीन की दरों को लेकर अभी कोई प्रस्ताव आए नहीं है। प्रस्ताव पर दावा-आपत्तियों के लिए 15 दिनों का समय दिया जाएगा, जिसका निराकरण के बाद नई गाइड लाइन लागू होगी।

- **विनोज कोचे**, पंजीयक, पंजीयन विभाग रायपुर

### नई गाइड लाइन पर काम चल रहा

नई गाइड लाइन पर काम चल रहा है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद इसकी जानकारी देंगे। - **गौरव सिंह**, कलेक्टर रायपुर




### सैकड़ों लोकेशन, जहां जमीन की दरें बढ़ने की संभावना

राजधानी रायपुर सहित जिलेभर में लंबे समय से सरकारी रिकॉर्ड में जमीन की दरें बढ़ी नहीं हैं, जबकि इतने लंबे समय के दौरान ऐसे हजारों लोकेशन हैं, जहां जमीन की दरें कई गुना बढ़ चुकी हैं। इसमें रायपुर के चारों विधानसभा क्षेत्र में ऐसे सैकड़ों लोकेशन होंगे, जहां जमीन की दरें गाइड लाइन में अब तक बढ़ नहीं पाई है। सर्वे में इन सभी लोकेशन में दरें बढ़ने के आसार हैं।

**हेक्टेयर- वर्गमीटर, संपति मुख्य मार्ग एवं सिंचित भूमि की दरों का प्रस्ताव में उल्लेख :** उप जिला मूल्यांकन समिति के द्वारा प्रस्तावित दर में 4 कालम होंगे। इसमें जमीन की हेक्टेयर दर, वर्गमीटर दर, संपति मुख्यमार्ग पर स्थित दर्ज करना होगा।

### इन लोकेशन में बढ़ी जमीन की कई गुना दरें

शहर के अंदर अलावा अब आउटर क्षेत्रों में भी कई लोकेशन में जमीन की दरें कई गुना बढ़ चुकी हैं। इनमें अमलीडीह, देवपुरी, डूमरतराई, लाभांडी, कचना, सड्डू-मोवा, खमतराई, भनपुरी, सेजबहार के आसपास के कई गांव, वीआईपी रोड से लगे कई गांव, माना, मंदिर हसौद जैसे कई लोकेशन हैं। इसके अलावा जिले के धरसींवा, अभनपुर, खरोरा, नया रायपुर जैसे क्षेत्रों में भी कई लोकेशन में जमीन की कीमत कई गुना बढ़ चुकी है।

### इन बिंदुओं पर की जाएगी गाइड लाइन तैयार

गाइड लाइन में ऐसे सभी कंडिकाओं का विलोपन किया जाये, जिसमें कोई स्थान दो या अधिक कंडिकाओं में ओवर लैपिंग होते हो। नगर और ग्राम निवेश के मास्टर प्लान की जानकारी ली जाएगी। इसका उद्देश्य यह तय करना है कि इन क्षेत्रों में प्रचलित बाजार दर के आधार पर गाइडलाइन दर में समान हो। गाइडलाइन तैयार करते समय, हर कंडिका के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण रखने के बजाय, पूरे नगर या ग्राम को एक रूप में देखा जाएगा। उसके स्थानों और बस्तियों का वर्गीकरण किया जाएगा। इस वर्गीकरण के आधार पर दरें तय की जाएंगी। एक ही वार्ड, ग्राम, कालोनी या अलग-अलग श्रेणियों जैसे एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी के लिए एक ही कंडिका निर्धारित की जाएगी। अगर कंडिकाओं की संख्या बढ़ाई जाती है, तो उसे स्पष्ट रूप से बताया जाएगा। जिस क्षेत्र में ज्यादा रजिस्ट्री हुई है, इसका आंकलन कर नई दर निर्धारित की जाएगी। सभी पटवारियों और तहसीलदारों से बाजार मूल्य की जानकारी ली जाएगी। वार्डों के वर्तमान परिसीमन आधार पर ही गाइडलाईन दर तैयार की जाएगी। विकसित मार्ग तथा निर्माणाधीन मार्गों का समावेश गाइड लाइन में हो इसका विशेष ध्यान रखना होगा। किसी रिहायशी कालोनी या मोहल्ले में 40 फीट से अधिक चौड़ाई की सड़क मुख्य मार्ग मानी जाएगी। इसके अलावा इससे कम चौड़ाई की सड़क जो दो इलाकों को जोड़ने वाली सड़क के रूप में प्रयुक्त होती हो, वह भी मुख्य मार्ग मानी जाएगी। यदि गाइडलाइन में प्रत्येक दस्तावेज में मुख्यमार्ग का नाम ▶▶| शेष पेज 13 पर

रीएजेंट-उपकरण घोटाला की जांच जारी

## मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी 7 अप्रैल तक रहेंगे जेल में


ईडीए ट्यूब ने कौशिक को लपेटा, पाटनवार पर रीएजेंट की फालतू खरीदी पड़ गई भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीजीएमएससी और स्वास्थ्य संचालनालय में हुए अरबों रुपए के रीएजेंट-उपकरण घोटाले की जांच जारी है। इसकी वजह से मामले में पूर्व में गिरफ्तार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा की न्यायिक रिमांड की अवधि 7 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। मामले में शुक्रवार को पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्हें रिमांड पर लेकर ईओडब्लू पूछताछ कर रही है।

मामले की जांच के दौरान ईओडब्लू खरीदी और सप्लाई से संबंधित तमाम दस्तावेजों की बारीकी से अध्ययन कर आरोपियों से पूछताछ कर क्रास चेक कर रही है। मामले में जनवरी के अंतिम दिनों में हुई पहली गिरफ्तारी और इस महाघोटाले के अहम किरदार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा की पिछली रिमांड के अंतिम दिन सोमवार को ईओडब्लू के स्पेशल कोर्ट में पेशी हुई। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि प्रकरण की विवेचना अधूरी है, इस आधार पर शशांक की न्यायिक रिमांड की अवधि ▶▶| शेष पेज 13 पर

- ईओडब्लू की अदालत ने बढ़ाई न्यायिक रिमांड की अवधि
- पांच आरोपियों को रिमांड पर लेकर चल रही पूछताछ

### पूछताछ के लिए विधानसभा से बुलाया

सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को जिन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, उन्हें लगभग पांच घंटे पहले पूछताछ के लिए ईओडब्लू के कार्यालय बुलाया गया था। इनमें से एक अधिकारी विधानसभा सत्र का अंतिम दिन होने की वजह से वहां मौजूद था, अफसरों ने जरूरी पूछताछ का हवाला दिया। सभी के आने के बाद रात में उन्हें बताया गया कि आप गिरफ्तार हो चुके हैं।

## दोहरी मुसीबत...एक तरफ ट्रेनें रद्द, दूसरी ओर दोपहर की गाड़ी रात को पहुंच रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेज गर्मी के बीच लगातार आउटर में ट्रेन खड़ी होने से यात्री इन दिनों बेहद परेशान हैं। हावड़ा रूट की ज्यादातर ट्रेनें इन दिनों विलंब से चल रही हैं। झारसुगुड़ा के बाद ट्रेनों की रफ्तार धीमी होने लगी है। मालगाड़ियों का दबाव भी इस रूट पर बढ़ गया है। हावड़ा से रायपुर पहुंचने वाली ट्रेन 4 से 5 घंटे विलंब से पहुंच रही है। तेज गर्मी में कोच के भीतर लगातार 30 से 40 मिनट तक यात्रियों का रहना मुश्किल हो जाता है। दूसरी ओर स्टेशन में भी ट्रेनों का इंतजार बढ़ता जा रहा है। दोपहर को आने वाली ट्रेन रात को पहुंच रही है। ट्रेनों की लेटलतीफी से स्टेशन में बेवजह यात्रियों को घंटों समय बिताना पड़ रहा है। ज्यादातर ट्रेन अपने निर्धारित समय से 4 से 6 घंटे देर से चल रही है। ट्रेनों को आउटर में रोके जाने की वजह से लेटलतीफी का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को बार-बार आउटर में रोके ▶▶| शेष पेज 13 पर

- आउटर में खड़ी हो रही लोकल और रेस ट्रेनें, हर दिन तेज गर्मी में यात्री हलाकान



**केस 1**

शनिवार को समरसत्ता एक्सप्रेस 11 घंटे 50 मिनट लेट रही। रायपुर आने का ट्रेन का समय 11:00 मिनट था, जो 22:55 में पहुंची। यात्री तेज गर्मी में स्टेशन पर ही ट्रेन का इंतजार करते रहे।

**केस 2**

मंगलवार को 12833 हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 3 घंटे लेट रही। यह ट्रेन वर्धा के बीच सर्वाधिक विलंब रही। रायपुर 23:15 की जगह 1:10 को पहुंची।

**केस 3**

मुंबई जाने वाली गीतांजलि एक्सप्रेस 4 घंटे विलंब से रही। इसी तरह ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस भी रायपुर रेलवे स्टेशन में 3 घंटे विलंब से पहुंची। यह ट्रेन दो सप्ताह से लेट चल रही है।

### दुर्ग पहुंचने में लगे आधे घंटे

4 घंटे 21 मिनट लेट से चल रही समरसता एक्सप्रेस को मंगलवार दोपहर दुर्ग आउटर से स्टेशन पहुंचने यानी 4 किमी की दूरी तय करने में 30 मिनट लगे। इससे पहले रायपुर से आउटर केबिन तक आने में ट्रेन को एक घंटे 30 मिनट लगे थे। रेलवे की इस व्यवस्था से यात्रियों को हर दिन दिक्कत हो रही है।

## साफ होने लगा मौसम माहांत तक शहर में 40 डिग्री की गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव से बदला मौसम अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगा है। गर्मी में बढ़ोतरी का दौर काफी धीमा है, मगर माह के अंत तक इसके 40 डिग्री तक पहुंचने की उम्मीद है। मार्च के महीने में होली के दौरान गर्मी अपना असर दिखा चुकी है और रायपुर समेत कई इलाकों में लू का माहौल बन गया था।

मार्च के महीने में मौसम में दो बार बड़ा बदलाव हुआ है। पहले दौर में होली के दौरान यानी तीसरे सप्ताह में भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाया था। इस दौरान काफी समय तक तेज गर्मी के साथ कई इलाकों में हीट-वे का अलर्ट जारी हुआ था। आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के साथ गर्मी टली और छाए बादल कई इलाकों ▶▶| शेष पेज 13 पर

- अभी सामान्य स्थिति, जारी रहेगा गर्मी बढ़ने का दौर



**तापमान सामान्य से कम**

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 35.8 | -1.2 |
| बिलासपुर | 34.7 | -3.1 |
| पेंड्रा | 33.4 | -0.9 |
| अंबिकापुर | 31.7 | -2.6 |
| जगदलपुर | 35.2 | -1.3 |
| दुर्ग | 35.6 | -1.5 |

## जोन दफ्तर परिसर में टॉय ट्रेन, 1 सप्ताह से खड़ी तेलीबांधा की छुकछुकिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के जोन दफ्तर परिसर में अब तक आपने अवैध ठेला, गुमटी को जब्ती के डंप होते देखा है, पर शंकर नगर स्थित नगर निगम जोन 3 दफ्तर आने-जाने वाले कैंपस में बच्चों को घुमाने वाली छुकछुकिया ट्रेन देखकर लोग अचंभित हैं। यह नजारा एक सप्ताह से वहां के कर्मचारी अधिकारी और आम जनता देख रही है। पता चला कि जो टॉय ट्रेन जोन दफ्तर के सामने खड़ी की गई है, वह तेलीबांधा के मरीन ड्राइव के पाथवे पर फर्राटे भरती थी। निगम वालों का कहना है कि पाथवे पर बिना अनुमति के टॉय ट्रेन चला रहे थे, इसलिए जब्ती कर जोन ले आये हैं। जोन कमिश्नर कहना है, ठेका एजेंसी हमें निगम से जारी अनुमति पत्र दिखा दे और टॉय ट्रेन ले जाए।

तेलीबांधा तालाब किनारे लोगों के चलने-फिरने वाली जगह पर ठेका एजेंसी द्वारा निगम की अनुमति लिये बिना चलाई जा रही टॉय ट्रेन एक सप्ताह से शंकरनगर स्थित जोन 3 दफ्तर परिसर में खड़ी है। नगर निगम जोन 3 कमिश्नरी ने लोगों की शिकायत पर स्पॉट पर जाकर टॉय ट्रेन को जब्त किया और उसे बड़ी मुश्किल से शंकरनगर स्थित जोन दफ्तर परिसर ले आये। तब से लेकर अब तक यह टॉय ट्रेन जोन दफ्तर परिसर में खड़ी है। सूत्रों के मुताबिक तेलीबांधा ▶▶| शेष पेज 13 पर




- बिना अनुमति पाथवे पर टॉय ट्रेन चलाने पर हुई थी जब्ती
- ठेका एजेंसी से निगम मांग रहा अनुमति पत्र

## अर्थशास्त्र में पकड़ाए दो नकलची, कल से शुरू होगा मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोमवार को आयोजित 12वीं के अर्थशास्त्र के पर्चे में 2 नकलची धरे गए हैं। 24 मार्च को अर्थशास्त्र के अलावा जीव विज्ञान, पशुपालन दुग्ध प्रौद्योगिकी मत्स्य एवं कुक्कुट पालन, भारतीय कला का इतिहास विषय की भी परीक्षा थी। मंडल द्वारा नकल प्रकरण को रोकने के लिए राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम बनाई गई है। टीम ने सोमवार को हायर सेकंडरी स्कूल सेजबहार, हायर सेकंडरी स्कूल टेकारी, हायर सेकंडरी स्कूल सकरी चण्डी स्कूलों का सघन निरीक्षण किया। इनमें से चण्डी के हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थी नकल करते हुए पकड़े गए। छात्रों पर नियमानुसार मंडल द्वारा नकल प्रकरण ▶▶| शेष पेज 13 पर



- हायर सेकंडरी स्कूल चण्डी में नकल करते हुए पकड़ाए छात्र

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

राजधानी में बढ़ते तापमान को देखते हुए मंदिरों में भी भगवान को गर्मी से बचाने के उपाय किए जा रहे हैं। अब भगवान को भी शीतलता प्रदान करने दिन में एसी-कूलर का उपयोग किया जा रहा है। भगवान की प्रतिमाओं को सूती वस्त्र धारण कराए जा रहे हैं। पुजारियों द्वारा चंदन का लेप लगाया जा रहा है। इसके अलावा भोग भी मौसम के हिसाब से बदल गया है।

# प्रभु को गर्मी से बचाने मंदिरों में एसी-कूलर, ठंडक के लिए लगाएंगे चंदन का लेप

## मंदिरों में भगवान को गर्मी से बचाने कपड़े से लेकर भोग तक में किया बदलाव

**रायपुर।** देवी मंदिरों में माता को बेल का जूस, छाछ, दही, लस्सी, श्रीखंड, गन्ने का रस, तरबूज, खरबूज, मौसंबी, संतरे, सत्तू का भोग लगाया जाएगा। ठंडक के लिए खासतौर पर चंपा-चमेली, मोगरे के फूलों के अलावा मोती के आभूषणों से श्रृंगार किया जा रहा है।

दर्जनभर से अधिक मंदिरों में भगवान के समक्ष 24 घंटे एसी-कूलर, पंखे चलाए जा रहे हैं। जैतूसाव मठ व दूधाधारी मठ में भी भगवान को सूती वस्त्र धारण कराकर शीतलता प्रदान की जा रही है। डगनिया स्थित शिव मंदिर और बूढ़ेश्वर मंदिर में घड़े में पानी रखा जा रहा है। मंदिरों के पट खुलने का समय भी बदला है।





### दिनभर गर्भगृह में चल रहा एसी

*शहर की तेज गर्मी से भगवान की सेहत न बिगड़ जाए, इसका मंदिरों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जैतूसाव मठ में भगवान को सत्तू का जूस व गेहूं, चना और ज्वार का पाउडर बनाकर ठंडाई बनाकर भोग दिया जाएगा। भगवान को सफेद सूती वस्त्र धारण कराए जा रहे हैं। मंदिर के गृहगर्भ में दिनभर एसी चलाया जा रहा है।*

### भगवान को लगा रहे चंदन का लेप

दूधाधारी मठ में भगवान श्रीराम और बालाजी को गर्मी में शीतलता प्रदान करने चंदन का लेप लगाया जा रहा है। सुबह और शाम के वक्त चेहरे में समस्त देवी-देवताओं की प्रतिमा पर चंदन लगाया जा रहा है। इसके अलावा शाम के वक्त ठंडाई का भोग लगाया जा रहा है। मंदिर में गर्मी को देखते हुए एसी व कूलर चालू कर दिए हैं। मंदिरों भक्तों के लिए कूलर, प्याऊ लगाए गए हैं।

### भगवान को पहनाए जा रहे सफेद वस्त्र

गोपाल मंदिर में भगवान के कक्ष में दिन में बाहर से आने वाली गर्म हवा से बचाने के लिए पर्दे लगाए गए हैं। पूरे दिन कूलर व एसी चल रहा है। शीतल पदार्थों का भोग लगाया जा रहा है। पतले स्तर वाले वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। सत्तू के लड्डू, ठंडा दूध, माखन-मिश्री, फलों का रस, दही, छाछ आदि का भोग लगाया जा रहा है। चंदन का लेप भी लगाया जा रहा। घड़े में पानी रखा गया है।





10

प्रभु को गर्मी से बचाने मंदिरों में एसी-कूलर...

एजूकेशन अपडेट

## छत्तीसगढ़ में 680 युवा बने अग्निवीर, 1 मई से शुरू होगी ट्रेनिंग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती परीक्षा 2025 के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। दिसंबर 2024 में रायगढ़ में आयोजित भर्ती परीक्षा में 6726 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 680 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। अग्निवीर जीडी, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। यह रिजल्ट भारतीय सेना ने ज्वाइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।इसके अलावा सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी सूची जारी कर दी गई है। दिसंबर 2024 में रायगढ़ में आयोजित भर्ती परीक्षा में 6726 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 680 सफल हुए। अब तक अग्निवीर जीडी, टेक्निकल और ट्रेड्समैन के नतीजे घोषित हो चुके हैं, जबकि अग्निवीर क्लर्क और अग्निवीर डब्ल्यूएमपी का रिजल्ट 1-2 दिन में जारी होने की संभावना है। सभी सफल अभ्यर्थी 24 मार्च को नवा रायपुर स्थित सेना भर्ती कार्यालय में उपस्थित हुए।

### अब ट्रेनिंग होगी शुरू

चयनित अग्निवीरों की ट्रेनिंग 1 मई 2025 से शुरू होगी। इससे पहले सफल अभ्यर्थियों ने 24 मार्च 2025 को सुबह 6.30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर में रिपोर्ट की। यहां चयनित युवाओं की प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच डॉक्यूमेंटेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

वृंदावन हॉल में माहेश्वरी महिला समिति गोपाल मंदिर की पहल से सजा उत्सव, प्रतिभागी ग्रुप ने मचाई धूम

# प्रोजेक्टर पर तस्वीर देख अंताक्षरी में गाए गीत 'होली के रंग गणगौर के संग' पर थिरके पांव

**रायपुर।** महिलाएं होली के रंग गणगौर के संग थीम बेस्ड प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए दोपहर 2 बजे से ही पहुंचने लगी थी। जहां 3 बजते ही महेश वंदना से उत्सव का रंगारंग आगाज किया। इसके बाद सभी ने महेश वंदना करते हुए गणगौर ईश्वर बने नन्हे कलाकार प्रियांशी मल और गौर के रूप में ध्रुव मल ने ईश्वर के वेश में अपनी प्रस्तुति देते हुए सभी का मन मोह लिया। उन्होंने खम्मा घणी और काली-काली गाड़ी में घुमाओ भरतार..., पर मनमोहक अंदाज में नृत्य पेश किया। इसके बाद मंच पर विशेष आकर्षण होली क्वीन के रूप में एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन-तीन महिलाओं सुनीता लड्ढा, शशि बागड़ी और संगीता चांडक ने गीतों पर नृत्य करते हुए लोगों को खुशनुमा माहौल दिया।

> ‘सज-धज कर आकर्षक श्रृंगार में सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में सोमवार को माहेश्वरी महिला समिति गोपाल मंदिर से जुड़ी महिलाओं ने एक अनूठा आयोजन किया। इसमें अलग-अलग ग्रुप से जुड़ी महिलाओं ने जीत के लिए ग्रुप डांस ही नहीं, बाद में अंताक्षरी के सात राउंड में गीतों का मुखड़ा गाते हुए दर्शक दीर्घा में मौजूद महिलाओं को उत्सव का एहसास कराने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रोजेक्टर पर दिखाए गए चित्रों और गहनों पर आधारित गीतों पर भी लोगों को झूमने का अवसर दिया।’





### इन ग्रुपों ने दिया उत्सव का रूप

इस बीच विशेष आकर्षण का केंद्र अंताक्षरी प्रतियोगिता रही। इसमें समिति से जुड़ी महिलाओं की सात टीमों ने भाग लिया। इसमें क्रमबद्ध बनारस, मुंबई, दिल्ली, कश्मीर, बरेली, खंडाला और बीकानेर ग्रुप के बीच हुई अंताक्षरी में दिल्ली टीम प्रथम रही। इसका प्रतिनिधित्व रश्मि मालपानी, चंचल राठी और शिवांगी मोहता ने किया। उप विजेता रही मुंबई टीम की ममता डाबरी, नेहाल राठी और आशा राठी ने भी शानदार तरीके से अपनी टीम को जिताने के लिए प्रयास किया। वहीं तीसरे क्रम में खंडाला टीम की गीता सर्जन, वंदना डागा और नमन दम्मानी रहीं।



### तस्वीर देखकर गाए फिल्मी गीत

अंताक्षरी का सिलसिला जैसे ही शुरू हुआ, दर्शकों में उत्साह की लहर दौड़ी। अलग-अलग सात राउंड में सामान्य तरीके से गीतों के अंतिम अक्षर पर टीमों ने फिल्मी गाते हुए पहला राउंड पूरा किया। इसके बाद प्रोजेक्टर पर कंगन, झुमका, मेहंदी जैसी कई तरह की तस्वीरें दिखाई गईं, जिसे देखने के बाद ग्रुप की महिलाओं ने उनसे जुड़े फिल्मी गीतों का मुखड़ा गाते हुए नंबर अर्जित करने का प्रयास किया। इसके बाद फिल्मी एक्टर के साथ ताश के पत्ते का एक्का और बादशाह दिखाया गया। इनमें से किसी एक को चुनने पर प्रोजेक्टर पर नायिका की तस्वीर दिखाई गई। इसे देखकर नायक-नायिका पर फिल्माए गए गीत गाने का दौर चला।



### खेलन दो गणगौर ...पर झूमे

हर प्रतिभागी का हौसला अफजाई करने के लिए स्टेज पर सम्मान भी किया गया। इसके बाद अलग-अलग टीमों ने अपनी प्रस्तुति देते हुए पहले नेहाल ग्रुप ने खेलन दो गणगौर..., सुमन दम्मानी ग्रुप ने पार्वती बोली शंकर से..., और तीसरे ग्रुप के रूप में स्मृति चांडक ने चम चमके चुनरी पर गीत पर भावविभोर करने वाली नृत्य प्रस्तुति दी। इसके बाद कार्यकारिणी की प्रस्तुति घुड़ला घूमेलो जी घूमेलो..., इसमें प्रगति कोठारी, कल्पना राठी ,भावना मरदा, नीलिमा लड्ढा और शशि आर. मोहता ने शिरकत की।

### प्रतियोगिता का अंत तक चला दौर

प्रोग्राम की शुरुआत में एक गेम भी रखा गया था, इसमें प्रथम पूनम टावरी और सेकंड नीति केला रही। इस प्रोग्राम को उत्सव का रूप देने और इसे सफल बनाने में नीलिमा लड्ढा ने अहम भूमिका निभाते हुए सभी को व्यवस्था से जोड़ने का प्रयास किया। इसमें ज्योति राठी, नंदा भट्टर के साथ समिति की अध्यक्ष प्रगति कोठारी और सचिव कल्पना राठी सभी मेंबर्स को आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर देने का दायित्व निभाते हुए उत्सव को सफल बनाने में सहयोग किया। इसके बाद सभी एक साथ अंताक्षरी का लुत्फ उठाने का अवसर दिया।

सिटी इवेंट

## प्रभातफेरी कल से, हर दिन लगाएंगे स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव राजधानी में भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को डॉ. आंबेडकर अस्पताल स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह के बेसमेंट में गोल्ड एज ग्रुप और जैन युवा महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 13 दिवसीय भोजन वितरण कार्यक्रम का आगाज किया गया। आंबेडकर अस्पताल में सोमवार को जरूरतमंदों और मरीजों के परिजनों को भोजन वितरित किया गया। भोजन वितरण कार्यक्रम 6 अप्रैल तक चलेगा। उधर 26 मार्च से 15 दिनों तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। वहीं इसके समापन स्थल पर हर रोज जांच शिविर लगाया जाएगा। जहां मरीजों का ब्लडप्रेशर, शुगर, सीबीसी और थॉयराइड टेस्ट किया जाएगा।



### अलग-अलग क्षेत्रों में निकलेगी प्रभातफेरी

*भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम प्रभातफेरी 26 मार्च से प्रारंभ होने जा रहा है। 15 दिवसीय प्रभातफेरी कार्यक्रम 9 अप्रैल तक चलेगा, जिसके अंतर्गत शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रभातफेरी निकाली जाएगी। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव समिति 2025 के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिद्धार्थ डागा एवं कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा ने बताया कि 15 दिनों तक हर रोज प्रभातफेरी निकलेगी और समापन स्थल पर हर दिन जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रभात फेरी प्रतिदिन सुबह 6.30 बजे निकलेगी।*

### 15 दिवसीय रक्तदान शिविर 9 अप्रैल तक

*भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के दौरान रक्तदान-महादान का आयोजन किया जाएगा। 26 मार्च से लेकर 9 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 7.30 बजे से 10 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। सबसे अहम बात यह है कि ब्लड यूनिट को ब्लड बैंक और समाजसेवकों के सहयोग से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा। इसी क्रम में 26 मार्च को श्री जैन श्वेतांबर जैन मंदिर वर्धमान नगर, दूसरे दिन 27 मार्च को श्री विजय शांति सूरीश्वर जैन मंदिर आम्रपाली, 28 मार्च को अरिहंत ज्वेलर्स के पास जैन कॉलोनी, 29 मार्च को किड्जी स्कूल टाटीबंध, 30 मार्च को श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर चौबे कॉलोनी, 31 मार्च को मारूति मंगलम भवन गुढ़ियारी, 1 अप्रैल को लक्ष्मी सांई भवन शिवानंद नगर श्रीनगर, 2 अप्रैल को श्री कुंथुनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर फाफाडीह, 3 अप्रैल को पॉम रेसिडेंसी कटोरा तालाब, 4 अप्रैल को संदीप भवन जैन मंदिर के सामने शंकर नगर, 5 अप्रैल को शांतिनगर अपार्टमेंट लभांडी, 6 अप्रैल को श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय विवेकानंद नगर, 7 अप्रैल को श्री अम्बादेवी मंदिर सदर बाजार, 8 अप्रैल को श्री वर्धमान वाटिका सेक्टर-5, देवेंद्र नगर और 9 अप्रैल को श्री हनुमान मंदिर हनुमान नगर में शिविर का आयोजन किया जाएगा।*

## एक घंटे तक घर की लाइट बंद रखकर दे रहे हैं पर्यावरण, ऊर्जा संरक्षण का संदेश

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वीर आजाद ग्रुप व भारत स्काउट्स और गाइड्स ने अर्थ-ऑवर 2025 के तहत रात 8.30 बजे से 9.30 बजे तक पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए घरों की लाइटें और अन्य विद्युत उपकरण बंद किए। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा संरक्षण के महत्व को उजागर करना था। पहल में समूह के सदस्यों ने एक घंटे के लिए बिजली का उपयोग बंद किया और इस समय का सदुपयोग पारिवारिक गतिविधियों जैसे मोमबत्ती की रोशनी में भोजन करना, पारिवारिक खेल खेलना और पर्यावरण से संबंधित पुस्तकों का अध्ययन करने में किया। यह कार्यक्रम केवल ऊर्जा बचाने का नहीं, बल्कि समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का एक प्रयास था।





### समाज को जागरूक करने के लिए कर रहे हैं पहल

*अर्थ-ऑवर सिर्फ एक घंटे की गतिविधि नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास के प्रति लोगों को जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। इस अभियान के तहत वीर आजाद ग्रुप के सदस्यों ने समाज को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन अनुराग कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक और जिला आयुक्त (स्काउट), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट्स और गाइड्स बिलासपुर और नेहा सिंह, जिला आयुक्त (गाइड), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भारत स्काउट्स और गाइड्स, बिलासपुर के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) दिलीप कुमार स्वैन और जिला संगठन आयुक्त (गाइड) ज्योति देव के नेतृत्व में हुआ।*

## एनआईटी के स्टूडेंट्स ने गांव में लगाया स्वास्थ्य शिविर, बांटीं दवाइयां



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के उन्नत भारत अभियान क्लब द्वारा नरदहा गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एनआईटी के निदेशक डॉ. रमना राव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में ग्राम नरदहा की सरपंच नीलिमा वर्मा और पंच मानकी वर्मा, रुक्मिणी साहू, नीलकंठ साहू और ऊषा ध्रुव भी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने ग्रामवासियों की स्वास्थ्य जांच की, जिसमें उनके ब्लडप्रेशर, शुगर और वजन की जांच की गई। इसके बाद लोगों को उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भाग लिया और मुफ्त चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। आयोजन के माध्यम से एनआईटी के यूबीए क्लब ने न केवल ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता भी बढ़ाई।

### डिहाइड्रेशन बचाने दिए ओआरएस

स्वास्थ्य परीक्षण के बाद, जरूरतमंदों को मुफ्त दवाएं और पोषक तत्व वितरित किए गए। इनमें ओआरएस घोल डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए, कैल्शियम टैबलेट हड्डियों की मजबूती के लिए, विटामिन और आयरन टेबलेट रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए दी गईं। इसके अलावा पैरासिटामोल, सर्दी-खांसी की दवाएं और एंटीबायोटिक्स भी वितरित किए गए, ताकि ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों और संक्रमण से बचाया जा सके।

डॉ. बाबा साहब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति ने लिया ऑडिशन

कार्नर न्यूज

## सिंगिंग का शौक रखने वाली प्रतिभाओं को तराशने और मंच देने लिया ऑडिशन



**रायपुर।** क्या खूब लगती हो..., मेघा रे मेघा रे ..., आने से उसके आए बहार...गीत गाता चल ओ साथी... जैसे सदाबहार और सुमधुर गीतों की प्रस्तुति का सिलसिला प्रेस क्लब के सभागार में दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक चला। इसमें 18 से 40 साल एज ग्रुप की प्रतिभाओं को कराओके फॉर्मेट में गाने का अवसर दिया गया। यह अवसर प्रतिभागियों को डॉ. बाबा साहब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह समिति ने दिया। इस सिंगिंग ऑडिशन का मकसद शहर में छिपी प्रतिभाओं को मंच देना और गायन की विधा से जोड़ने के लिए हौसला अफजाई करना था। गायन की विधा में उन्हें तराशने के लिए सात घंटे अलग-अलग दौर में गायकी का अवसर देने के बाद प्रतिभागियों में से 10 सिंगर्स को चुना गया है।



### इन शर्तों के तहत किया गया चयन

इस ऑडिशन के लिए जरूरी नियम और शर्तें आयोजन समिति द्वारा तय की गई थी। इसमें जहां 18 से 40 वर्ष के महिलाओं व पुरुषों को अवसर दिया गया। वहीं ऑडिशन रायपुर आइडल में शामिल सिंगर्स को दो-दो मिनट में मुखड़ा और अंतरा गाने का मौका दिया गया। गाने का ट्रेक कराओके था। इसको अपने साथ लेकर आए प्रतिभागियों को अपने मूल आवाज में गाने का अवसर दिया गया। आयोजन के प्रभारी विजय गजघाटे, नेहा सांगोड़े, विजय चौरे और नंदा रामटेके के मार्गदर्शन में ऑडिशन हुआ।

### विनर्स का बनेगा एलबम, होगा लांच

आयोजकों ने बताया कि टॉप 10 सिंगर्स को फाइनलिस्ट के रूप में 4 मिनट गीत गाने का अवसर अब 5 अप्रैल को ग्रैंड फिनाले में दिया जाएगा। यह आयोजन भी प्रेस क्लब रायपुर में शाम 6 बजे से रखा गया है। इसमें अलग-अलग श्रेणी में 11 हजार से दो हजार तक नकद इनाम के साथ ही विजेता चुने जाने वाले प्रतिभागियों को एलबम में गाने का अवसर दिया जाएगा। ऑडियो एलबम में गीतों को रिकार्ड किया जाएगा। इसे आगामी 14 अप्रैल को तैयार किए गए एलबम को लांच किया जाएगा। यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष नरेश गड़पाल ने दी।





## खबर संक्षेप



### गुरु घासीदास अकादमी भवन में आरओ वाटर कूलर का लोकार्पण

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में रविवार को होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राजश्री सद्भावना समिति की अध्यक्ष शकुन डहरिया द्वारा अकादमी को प्रदान किए गए उच्चस्तरीय आरओ वाटर कूलर का लोकार्पण पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भवन में लंबे समय से पेयजल की समस्या थी, जो अब दूर हो गई। यहां 24 घंटे शुद्ध पेयजल की सुविधा अब समाजजनों को मिल पाएगी। कार्यक्रम में अध्यक्ष केपी खण्डे, डॉ. जेआर सोनी, आरके गेंदले, जीआर बाघमारे, चेतन चंदेल, सुंदरलाल जोगी, चंपादेवी गेंदले, आरके पाटले, पं. अंजोरदास बंजारे आदि उपस्थित थे।

### निधि आपके निकट जागरूकता शिविर 27 को

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा 27 मार्च को निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम के तहत जिला जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पेंशनर्स और ईपीएफओ खाताधारक अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। इसी कड़ी में यह शिविर ईएसआईसी ब्रांच ऑफिस चौबे कॉलोनी में लगाया जाएगा। इस शिविर में समस्त नियोक्ताओं, अंशधारकों, पेंशनरों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए इस स्थानों पर जिला नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि यह शिविर जनपद पंचायत बालोद, कलेक्टोरेट परिसर श्रम कार्यालय बलौदाबाजार, जनपद पंचायत बलरामपुर, बेमेतरा, धमतरी, राधिका नगर भिलाई-दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कलेक्टोरेट ऑफिस जांजगीर, जिला पंचायत सूरजपुर आदि स्थानों पर लगाया जा रहा है।

## निधन

### महेंद्र सिंघ सिब्बल

**रायपुर।** गुरुनानक नगर निवासी सरदार महेंद्र सिंघ सिब्बल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 मार्च को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे देवेंद्र सिंघ, हरजीत सिंघ के पिता थे।



# बगीचों में सेहतमंदी के लिए लगाए ओपन जिम खुद बीमार, कुछ के उपकरण चोरी, कुछ जंग खाकर टूट रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में आम जनता की सुविधा के लिए नगर निगम ने बगीचों में सेहतमंदी के लिए ओपन जिम की सुविधा दी। अलग-अलग तरह के उपकरण लगाये गये, पर देखरेख में अनदेखी किये जाने से बूढ़ातालाब स्थित उद्यान, हीरापुर की हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित नगर निगम के उद्यान में लगाये गये ओपन जिम के उपकरण जंग खाकर टूट रहे हैं। कुछ ऐसे भी महंगे इक्वीपमेंट रहे, जो चोरी हो गये। यही हाल शहीद विक्रम वार्ड के जवाहर उद्यान का भी है।

शहर के ऐतिहासिक विवेकानंद सरोवर के समीप रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बच्चों के लिए सुंदर बगीचा बनवाया गया। जिसमें फिसल पट्टी, आकर्षक झूले और व्यायाम करने ओपन जिम में अलग-अलग तरह के उपकरण लगवाये गये। इससे कुछ समय तक शहरवासियों को शहर के बीच एक अच्छी सुविधा मिली। सुबह शाम यहां परिवार के साथ लोगों की आवाजाही बढ़ी, पर इसकी मानिटरिंग की उचित व्यवस्था नहीं किये जाने से जिम में लगाये गये एक्सरसाइज संबंधी उपकरण खराब होने लगे हैं। कुछ उपकरण ऐसे भी हैं, जिनके कलपुर्जे शरारती तत्वों द्वारा पार कर दिये गये। जहां पहले बच्चों की चहल-पहल हुआ करती उस जगह पर सन्नाटा पसरा है। यही हाल स्वामी विवेकानंद प्रतिमा से लगे नीलाभ उद्यान का है, जहां ठेका एजेंसी द्वारा बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण के दौरान गार्डन में पहले से लगे झूले सहित अन्य उपकरणों को हटा दिया गया।

## निगम प्रशासन की अनदेखी, जनता परेशान



### जवाहर गार्डन, विवेकानंद राजेंद्र बाल उद्यान

जोन 6 क्षेत्र स्थित शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित जवाहर गार्डन , एमआर कालोनी स्थित गार्डन और सांई गार्डन में नगरनिगम ने लोगों की सेहतमंदी को ध्यान में रखकर ओपन जिम की व्यवस्था दी। ओपन जिम का ठेका लेने वाली कंपनी का मेंटनेंस पीरियड 5 साल का रहा। समय अवधि समाप्त होने के बाद नगर निगम ने ओपन जिम के रखरखाव की ओर ध्यान नहीं दिया। इसके चलते एक्सरसाइज करने के लिए लगाये गये मशीन खराब हो गई है। पूर्व पार्षद सहित स्थानीय लोगों ने निगम मुख्यालय और जोन दफ्तर में शिकायत भी की है। इसके बाद भी उपकरण सुधारे नहीं गये।



### हीरापुर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी गार्डन

नगर निगम जोन 8 क्षेत्र स्थित वीर सावरकर वार्ड के हीरापुर हाउसिंग बोर्ड कालोनी में नगर निगम ने लोगों की सुविधा के लिए सुंदर बगीचा विकसित कर वहां ओपन जिम की सुविधा दी। देखरेख के अभाव में एक्सरसाइज के लिए लगाये गये उपकरण खराब हो चले हैं। वार्ड के नागरिक सहित स्थानीय पार्षद ने जोन दफ्तर सहित निगम मुख्यालय में इसकी शिकायत की है।इसके बाद भी यहां लगाये गये ओपन जिम के उपकरण को सुधारा नहीं गया। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।



## सभापति सूर्यकांत राठौर के सभापतित्व में 28 को सामान्य सभा की पहली बैठक

# डेढ़ दशक बाद गांधी सदन के सामान्य सभागार में बदलेगा नजारा, हॉल में कारपेट, नई कुर्सियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

डेढ़ दशक बाद गांधी सदन के सामान्य सभागार का स्वरूप बदला हुआ नजर आयेगा। हाल में बिछाई गए 15 साल पुराने कारपेट को बदलकर नया कारपेट बिछाया जा रहा है। 70 पार्षदों के बैठने के लिए लगाई गई कुर्सियां को आरामदेह बनाने की तैयारी है। सदन में आमंत्रित विशेष अतिथियों के लिए अलग से आरामदेह सोफा की व्यवस्था रहेगी। वहीं सामान्य सभा के दौरान सदन की पल-पल की गतिविधियां आसानी से देखी जा सकें इसके लिए पहली बार सभागार में एलइडी स्क्रीन वाला प्रोजेक्टर कक्ष में लगाने की तैयारी है, ताकि मीडिया कर्मियों और दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को मिनटों में यह पता चल सके कि सदन में किसका उद्बोधन कब चल रहा है। सभागार के कूलिंग सिस्टम से साउंड सिस्टम की व्यवस्था भी सुधरेगी।

- सदन की गतिविधि नजर आएगी एलईडी स्क्रीन पर

नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर की अध्यक्षता में नगर निगम की पहली सामान्य सभा 28 मार्च को प्रातः11 बजे गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित है। इसमें डेढ़ दशक बाद भाजपा की महापौर मीनल चौबे अपने कार्यकाल का पहला नगर निगम का बजट प्रस्तुत करेंगी। बजट सत्र से पहले 1 घंटे का प्रश्नकाल रखा गया है। इसमें पार्षदों द्वारा शहर की जनहित से जुड़े समस्याओं से जुड़े प्रश्न शामिल किये जाएंगे। सभापति सूर्यकांत राठौर परची निकालकर संबंधित पार्षद के प्रश्न पढ़कर संबंधित विभाग के भारसाधक सदस्य से इसका सदन में जवाब मांगेंगे।





### राजधानी के अनुरूप बेहतर लुक देने की तैयारी चल रही

डेढ़ दशक बाद यह पहला मौका जब महात्मा गांधी सदन के पुराने कारपेट को बदलकर नया कारपेट बिछाया जा रहा है। वहीं शहरी सरकार के 14 भारसाधक सदस्यों के नाम और उनके विभाग वाली तख्ती पहली बार उनके टेबल नजर आयेगी। सदन में चलने वाली गतिविधियों की हर पल की जानकारी सभागार में मौजूद लोगों तक पहुंचाने एलईडी स्क्रीन लगाई जायेगी। सभापति सूर्यकांत राठौर के निर्देश पर सामान्य सभागार को राजधानी के अनुरूप बेहतर लुक देने की तैयारी चल रही है। मीडिया गैलेरी में प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों के लिए अलग-अलग स्पेस सुरक्षित रखा जा रहा है, ताकि समाचार कवरेज के दौरान उन्हें असुविधा न हो। दर्शक दीर्घा को इससे अलग रखा गया है।

### फायदे का बजट पेश कर सकती हैं मीनल, 2000 करोड़ का अनुमानित बजट

महापौर मीनल चौबे 28 मार्च को अपना पहला बजट फायदे का पेश कर सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पिछले बार के बजट की तुलना में 100 करोड़ ज्यादा का रहेगा। विदित हो साल 2024-25 के वित्तीय वर्ष के लिए पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने 1901 करोड़ का बजट सदन में प्रस्तुत किया था, जबकि वर्ष 2023 -24 का निगम बजट 1608 करोड़ का रहा। शहर की दूसरी महिला महापौर के रूप में मीनल चौबे ने अपने बजट में मातृ शक्ति के साथ युवा, बुजुर्ग और बच्चों के लिए प्रावधान रखा है। बजट में शहर के ट्रैफिक सिस्टम को सुधारने 25-25 करोड़ खर्च कर 2 मल्टीलेवल पार्किंग, सुगम आवागमन के लिए रायपुरा से महादेवघाट मार्ग में गौरव पथ, शहर के तीन स्थानों पर कामकाजी महिलाओं के लएविर्किंग वूमन हास्टल बनाने 48 करोड़ का प्रावधान किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक शहर के तीन अलग-अलग लोकेशन पर दो मंजिला कामकाजी महिला छात्रावास परिसर बनाने की योजना है।

# हरियाणा की शराब की ट्रक से तस्करी, टाटीबंध में दो पेटी जब्त,गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर में दूसरे प्रांतों में बिकने वाली शराब की तस्करी के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। यह तस्करी सड़क मार्ग से कराई जा रही है। दूसरे प्रांत से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर आने में वाहन को कई जिले और वहां तैनात कई पुलिस जांच चौकियों से भी गुजरना पड़ता है। इसके बाद भी तस्कर दूसरे प्रांत की शराब आसानी से रायपुर लाकर यहां खपा रहे हैं। आबकारी विभाग ने सोमवार को टाटीबंध में एक ट्रक की तलाशी ली तो उसमें शराब से भरी दो कार्टून पेटियां बरामद की। इन दोनों काटून में हरियाणा प्रांत की शराब थी, जिसकी कीमत एक लाख 81 हजार रुपए से अधिक आंकी गई है। विभाग ने इस मामले में ट्रक चालक को भी गिरफ्तार किया है। आबकारी विभाग के उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि कि राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में टाटीबंध चौक के पास विभाग की टीम को एक ट्रक पर संदेह हुआ, जिसके बाद उसकी तलाशी ली।

इस ट्रक के चालक का नाम जागीर सिंग है जो फत्तेपुर कोठी थाना होशियारपुर पंजाब का रहने वाला है। ट्रक की तलाशी के दौरान शराब की दो कार्टून पेटियां बरामद की गई, जिसमें 24 बोतल जागर माईएस्टर हर्बल व्हिस्की एवं 1 कार्टून पेटी में 12 बोतल जॉनी वॉकर ब्लैक लेबल स्कॉच व्हिस्की थी। इस तरह कुल 36 शराब बोतल बरामद किया गया, जिसकी कीमत एक लाख 81 हजार 2 सौ रुपए आंकी गई है। विभाग शराब के साथ ट्रक को भी जब्त किया है।

# रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत, पुलिस मानवता को शर्मसार करते हुए लाश पिकअप में ढोकर ले गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शंकर नगर एक्सप्रेस वे के पास सुबह नाले में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली। लाश का पोस्टमार्टम कराने ले जाने पुलिस का अमानवीय चेहरा सामने आया है। पुलिस ने लाश ले जाने एंबुलेंस की जगह मालवाहक पिकअप वाहन से बगैर कफन ढंके मरचुरी ले गई। घटना खम्हारडीह थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान गरियाबंद, चंपारण निवासी मेघराज के रूप में हुई है। पुलिस को सुबह नाले में एक युवक की लाश मिलने की सूचना मिली। साथ ही लाश के पास एक बाइक पड़ी हुई थी। पुलिस ने मृतक की जेब में मिले आधार कार्ड के आधार पर शिनाख्त की। घटना स्थल की स्थिति देख पुलिस को मामला पहले संदिग्ध लगा। इसके बाद मौके पर फोरेंसिक तथा डॉग स्क्वाड की टीम मामले की पड़ताल करने पहुंची।



### आनन-फानन में पिकअप में डालकर लाश ले गए

घटना स्थल पर जांच कंपलीट करने में दो घंटे के करीब समय लगा। इस दौरान लाश को पोस्टमार्टम कराने ले जाने पुलिस ने एंबुलेंस के लिए कॉल किया। मौके पर एंबुलेंस के नहीं पहुंचने पर पुलिस ने मालवाह वाहन से लाश को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी के लिए रवाना किया। लाश को पिकअप वाहन से मरचुरी के लिए रवाना किया, तब लाश को कफन से ढंकना तक उचित नहीं समझा, लाश तो बगैर ढंके मरचुरी पहुंचवाने व्यवस्था की।

### इन बिंदुओं पर की...

देते हुए। उसमें संपत्ति की स्पष्ट दूरी का उल्लेख अनिवार्य होगा निकटतम मुख्यमार्ग का नाम तथा स्पष्ट दूरी अंकित नही होने पर संपत्ति के मुख्यमार्ग में होने की उपधारणा की जाएगी। रोड से लगे व्यावसायिक काम्प्लेक्स तथा आवासीय काम्प्लेक्स के लिए केवल रोड का ही दर प्रस्तावित किया जाएगा। गाईड लाइन दर के लिए संलग्न डेटा शीट अनुसार तैयार करना होगा। यह भी तय करन होगा कि कोई भी स्थान दो अलग-अलग दरों के अंतर्गत न आए। एक सड़क के लिए समान दर प्रस्तावित हो चाहे वह सड़क अलग-अलग वार्डों से गुजरती हो। रोड का एक किनारा एक वार्ड को तथा दूसरा किनारा अन्य वार्ड में हो तो ऐसा न हो कि किसी सड़क के एक वार्ड में अलग दर हो और दूसरे वार्ड में बिल्कुल अलग दर हो।

### मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी...

7 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। ईओडब्लू ने शुक्रवार की रात मामले में बसंत कौशिक, कमलकांत पाटनवार, डा. अनिल परसाई, क्षिरौद्र रौतिया तथा दीपक कुमार को गिरफ्तार किया था। इन आरोपियों को 28 मार्च तक रिमांड पर लेकर प्रकरण के संबंध में पूछताछ की जा रही है। आरोपियों से इस घोटाले के संबंध में बड़ा खुलासा होने की उम्मीद है।

### जोन दफ्तर परिसर में...

के रीक्रिएशन जोन में आने-जाने वालों के लिए निर्धारित शुल्क लेकर यह सेवा संचालन कर्ता एजेंसी के के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही थी। चूंकि तेलीबांधा सरोवर वाले हिस्से में आसपास के लोग सुबह-शाम ताजी हवा में सांस लेने और एक्सरसाइज करने आते-जाते हैं, इसलिए उन्हें इससे असुविधा हो रही थी। इसकी शिकायत जोन 3 कमिश्नरी में पहुंची। शिकायत के बाद जोन 3 की टीम ने सप्ताह भर पहले वस्तुस्थिति जानने निरीक्षण किया। शिकायत सही पाये जाने और पाथवे पर टॉय ट्रेन चलाने के लिए निगम से अनुमति नहीं होने पर टॉय ट्रेन जब्त कर लिया था।

## पेज 11 के शेष ...

### साफ होने लगा...

में बारिश, ओलावृष्टि का कारण बने। राजधानी में भी इसके हल्के से मध्यम प्रभाव की वजह से गर्मी से राहत रही है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ आगे बढ़कर कमजोर हो चुका है और आने वाले दिनों में नमीयुक्त हवा का असर भी कम होने की संभावना है। इससे तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि होगी और अंतिम दिनों तापमान बढ़कर 40 डिग्री के आसपास होने की संभावना है। प्रदेश में गर्मी का पीक अप्रैल और मई के महीने में होता है। मौसम विभाग द्वारा दोनों महीने में सामान्य से ज्यादा तापमान रहने की संभावना जताई गई थी जिससे इस बार गर्मी अधिक रहने के आसार हैं।

### दोहरी मुसीबत...

जाने से रायपुर से गुजरने वाली हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस कई जगहों पर आधे घंटे में महज 10 से 15 किमी की दूरी तय कर पाई। चार घंटे देर से चल रही शालीमार एक्सप्रेस को भाटापारा से रायपुर पहुंचने में एक घंटे 35 मिनट लग गए, जबकि यह ट्रेन 55 मिनट में 85 किमी की दूरी तय कर लेती है। भाटापारा में आधे घंटे रोके जाने से यह ट्रेन 125 मिनट में 58 किमी चली। कई जगह पर ट्रेन रुक जाने से इस ट्रेन को 10 से 15 किमी की दूरी तय करने में आधे घंटे ज्यादा लग गया।

### अर्थशास्त्र में पकड़ाए दो...

की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त अन्य जिलों में नकल के कोई प्रकरण सोमवार को सामने नहीं आए। उड़नदस्ता टीम में माशिम सचिव पुष्पा साहू, सहायक प्राध्यापक प्रीति शुक्ला और डॉ.प्रदीप साहू शामिल रहे। **प्रदेश में 36 व रायपुर में 2 केंद्र** : माशिम की बारहवीं की परीक्षाएं एक मार्च से तथा दसवीं की परीक्षाएं दो मार्च से प्रारंभ हुई थी। दोनों ही कक्षाओं की मुख्य विषयों की परीक्षाएं हो चुकी हैं। माशिम द्वारा अब मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया जाएगा। माशिम द्वारा बनाए गए परीक्षा केंद्रों में 26 मार्च से मूल्यांकन कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए प्रदेश में 36 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 2 परीक्षा केंद्र राजधानी में है। रायपुर के दानी गर्ल्स स्कूल और जेएन पांडेय विद्यालय में छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं जांची जाएंगी। इसके लिए मूल्यांकन केंद्रों में उत्तरपुस्तिकाएं प्रेषित किए जाने संबंधित कार्य अंतिम चरण में है। गौरतलब है कि दसवीं की परीक्षा में 3 लाख 23 हजार 227 नियमित और 7 हजार 330 प्राइवेट छात्र शामिल हो रहे हैं। वहीं बारहवीं कक्षा में 2 लाख 34 हजार 294 नियमित तथा 6 हजार 774 प्राइवेट छात्र शामिल हो रहे हैं।

# स्वाभिमान पैदल मार्च के जरिए सरकार के सामने दिव्यांग रखेंगे 6 सूत्रीय मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेशभर के दिव्यांगजन एक बार फिर अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर मरीन ड्राइव से जयस्तंभ चौक तक 26 मार्च से स्वाभिमान पैदल मार्च के साथ ही अनिश्चित कालीन आंदोलन का रुख करने वाले हैं। इस मामले को लेकर छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के पदाधिकारियों ने लामबंद होकर आंदोलन करने से पहले प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान अपनी पीड़ा बताई।

- छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने पत्रकार वार्ता में बताई पीड़ा

राजधानी में आंदोलन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चंद्राकर और सचिव विद्या भूषण साहू ने बताया कि सरकार मांगों पर विचार करने के बजाय अनदेखी कर रही है, इससे दिव्यांगजन आहत हैं। अभी तक संघ द्वारा की गई शिकायतों पर छत्तीसगढ़ पीएससी सहित कई परीक्षाओं के माध्यम से फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट्स के आधार पर नौकरी करने वालों पर कार्रवाई नहीं की गई है। सभी विभागों में दिव्यांग कोटे के बैकलॉग पदों पर विशेष भर्ती अभियान विज्ञापन जारी करने की मांग अधूरी है। दिव्यांग वंदन योजना बनाकर हर महीने 5 हजार रूपए पेंशन देने और बीपीएस की बाध्यता भी खत्म नहीं की गई है। 21 वर्ष से अधिक आयु की अविवाहित युवतियों को महतारी वंदन योजना में शामिल नहीं करके उपेक्षित किया जा रहा है। दिव्यांगजनों द्वारा स्वरोजगार के लिए गए कर्ज को माफ नहीं किया गया, इसलिए हम फिर से आंदोलन करने मजबूर हैं।






















# 59 दुकानों का आवंटन माहांत तक, इसके बाद अटैच दुकानों के लिए मंगाए जाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में उचित मूल्य दुकान के हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए इसी माह 55 और नई दुकानें खुलेंगी। इसके अलावा 4 पुरानी दुकानों को फिर से आबंटित किया जा रहा है। इस तरह शहर में 59 नई दुकानें शीघ्र खुल जाएंगी। इन दुकानों के लिए आवेदन की प्रक्रिया पहले ही पूर्ण कर ली गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार 59 दुकानों के लिए आवेदन बड़ी संख्या में आए हैं, जिनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगामी कुछ दिनों के भीतर इन दुकानों का आबंटन कर दिया जाएगा। इन दुकानों के आबंटन के बाद जिले में अटैच में चल रही राशन दुकानों के लिए भी आवेदन मंगाए जाएंगे। बताया जा रहा है कि जिले में कोविड काल के बाद दर्जनों दुकानें अटैच में संचालित हैं। इनमें कुछ दुकानों के संचालकों की मृत्यु हो चुकी है, तो कई दुकानों को चावल घोटाला सहित अन्य मामले में निलंबन किया गया हैं, वहीं कुछ दुकान के संचालक सरेंडर कर चुके हैं।

### अक्टूबर में 55 नई दुकानों को मिली थी स्वीकृत

शहर में हितग्राहियों को सुविधा देने के लिए अक्टूबर 2024 में 55 और नई दुकानें खोलने की स्वीकृति दी गई थी। इसके बाद इन दुकानों के आबंटन के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। बताया जा रहा है कि इन दुकानों के लिए आवेदन 8 जनवरी तक मंगाए गए थे। इसके बाद से अब तक इन दुकानों का आबंटन प्रक्रिया अटका हुआ हैं। हालांकि आबंटन नहीं होने का कारण नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बताया जा रहा है। चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने की वजह से इन दुकानों का आबंटन नहीं किया जा सका। चुनाव पूरा हुआ तो विधानसभा का बजट सत्र की कार्यवाही शुरू हो गई। इसके कारण फिर आबंटन की प्रक्रिया अटक गई। विधानसभा की कार्यवाही खत्म होते ही खाद्य विभाग दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों की मानें तो आगामी कुछ दिनों के भीतर 59 दुकानों के आबंटन की सूची जारी कर दी जाएगी।



### शहर में दुकानों की संख्या बढ़कर 283 हो जाएगी

शहर में पहले से 228 राशन दुकानें संचालित हैं। इनमें 98 दुकानों को पिछले वर्ष जुलाई माह में खोला गया था। इन दुकानों के खुलने के बाद भी कई राशन दुकानों में अभी भी हितग्राहियों को लंबी लाइन लगाना पड़ रहा हैं, जिसके कारण उन्हें परेशानी हो रही है। इस परेशानी को खत्म करने के लिए ही शहर में दुकानों की संख्या बढ़ाने के लिए 55 नई दुकानें खोली जा रही है। इस तरह शहर में दुकानों की संख्या बढ़कर 283 हो जाएगी। दुकानें बढ़ने से हितग्राहियों को कम समय में राशन मिल पाएगा।

### जल्द आवंटित की जाएंगी दुकानें

शहर में 59 दुकानों का जल्द ही आबंटन किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया जारी है। इन दुकानों के आबंटन के बाद अटैच में संचालित दुकानों के लिए आवेदन मंगाए जाएंगे।
- **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का महापौर मीनल चौबे ने किया स्वागत

**रायपुर।** राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू रविवार को राजधानी पहुंचीं। माना एयरपोर्ट पहुंचने पर शहर की प्रथम नागरिक महापौर मीनल चौबे ने उनका बुके देकर आत्मीय स्वागत किया। भारत गणराज्य की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के विशेष कार्यक्रम में भाग लेने रायपुर पहुंचीं। शहर के माना हवाई अड्डे में पहुंचने पर रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने राजधानीवासियों की ओर से उनका गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

### मांडविया से मिले भाजपा के मीडिया प्रभारी



**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने सपरिवार नई दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले, खेल, श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से सौजन्य भेंट की और उन्हें उनके उपलब्धिपूर्ण कार्यकाल की बधाई दी और उनसे छत्तीसगढ़ आने का अनुरोध किया। इस अवसर पर श्री चिमनानी ने डॉ. मांडविया के जन्म से लेकर अब तक के जीवन-वृत्त पर लिखी स्वरचित कविता भेंट की। श्री चिमनानी ने बताया कि डॉ. मांडविया के मार्गदर्शन में इस वर्ष जनवरी में स्वामी विवेकानन्द की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया था। यह युवाओं को विकसित भारत के लिए नवीन समाधान प्रस्तुत करने के लिए मंच प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ है। डॉ. मांडविया ने पिछले लगभग एक दशक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री के तौर पर दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

### यादव ठेठवार समाज की सामाजिक समरसता यात्रा

**रायपुर।** यादव ठेठवार समाज ने सामाजिक समरसता और एकता के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण यात्रा शुरू की है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि इस यात्रा को दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव ने रायपुर राज ठेठवार समाज मुख्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा का उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता, गतिशीलता और सक्रियता को बढ़ावा देना, सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना को जागृत करना। यात्रा में रामसिंह यादव, परमानंद यादव प्रदेश अध्यक्ष, नरोत्तम यदु प्रदेश महासचिव, पुष्कर यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष, नवीन यदु, हरिराम यदु एवं अन्य समेत मध्यप्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के सामाजिकजन शामिल हुए।

### विश्वविद्यालय प्रशासन को एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा शुल्क में बेतहाशा वृद्धि कर छात्रों पर आर्थिक बोझ डालने के खिलाफ सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन रायपुर जिला इकाई ने उग्र विरोध प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा। एनएसयूआई के जिला सचिव संस्कार पांडे के नेतृत्व में सैकड़ों छात्रों ने इस फैसले का विरोध किया और इसे बीजेपी सरकार की छात्र विरोधी मानसिकता का नतीजा बताया।

## फील्ड विजिट कर समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी

# ग्रीष्मकाल में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर, सीएम ने ली उच्चस्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, ग्रीष्मकाल में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक निर्बाध और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए सभी विभागों के बीच समन्वय और जनसहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, जल संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण की दिशा में ठोस और निर्णायक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है, जिससे आने वाले समय में प्रदेश जल संकट की किसी भी स्थिति से सुरक्षित रह सके।

- 15 दिवसीय विशेष अभियान : हैंडपंप और सार्वजनिक नलों की मरम्मत

मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में आयोजित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान प्रदेशभर में पेयजल की समुचित और सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी उपायों को प्राथमिकता पर क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेशभर में पेयजल की उपलब्धता को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता घोषित किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जल संकट की किसी भी संभावना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित और समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, ऊर्जा, वन एवं कृषि विभाग को परस्पर तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस उच्चस्तरीय बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो और कृषि, वन, जलवायु परिवर्तन एवं ऊर्जा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।



### जलस्रोतों के आसपास से अतिक्रमण हटाएं

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश के पर्वतीय और मैदानी दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने तालाबों और जलाशयों के आसपास हो रहे अतिक्रमण को प्राथमिकता से हटाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, जलस्रोतों की रक्षा करना केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी भी है। प्रदेशभर में अमृत सरोवरों को जल प्रबंधन के मॉडल के रूप में विकसित किया जाए, ताकि वे जल संग्रहण, वर्षा जल संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी के सफल उदाहरण बन सकें।

### फील्ड में जाकर स्थिति स्थिति का आंकलन करें अफसर

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उत्पन्न हो रही पेयजल समस्याओं के समाधान हेतु अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीतियाँ समान रूप से आवश्यक हैं। इसके लिए उन्होंने जल संरक्षण के प्रभावी उपायों जैसे रिचार्ज पिट, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग और सौर ऊर्जा आधारित पंपों को तेजी से बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने भूजल के अनियंत्रित दोहन पर सख्त निगरानी रखने और कम जल-खपत वाली फसलों की खेती को प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए, जिससे जल संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केवल कार्यालयों तक सीमित न रहते हुए, फील्ड में जाकर स्वयं स्थिति का आकलन करें और स्थल पर ही पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर संभाला कार्यभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला पंचायत रायपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवीन अग्रवाल और उपाध्यक्ष संदीप यदु सहित अन्य सदस्यों ने सोमवार को शपथ ग्रहण कर कार्यभार संभाला। इसके बाद कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में जिला पंचायत के पदाधिकारी एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन आयोजित किया गया। इस सम्मिलन में प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मिलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई जाती हैं, और इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी त्रि स्तरीय पंचायत के कंधों पर है। उन्होंने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा कि वे अंतिम छोर तक पहुंचकर जनकल्याण के कार्य करें ताकि जनता उन्हें हमेशा याद रखे, भले ही वे पद पर न हों। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधायक अनुज शर्मा, इन्द्र कुमार साहू, गुरू खुशवंत साहेब और विधायक मोतीलाल साहू भी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

- नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और सदस्यों के प्रथम सम्मिलन में राजस्व मंत्री टंकराम हुए शामिल

# विधानसभा परिसर में राष्ट्रपति ने कदम्ब का पौधा लगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर थीं। छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती समारोह के अवसर पर राष्ट्रपति ने विधानसभा परिसर में कदम्ब का पौधारोपण किया। पौधा रोपण के बाद विधानसभा के सदस्यों के साथ फोटो सेशन में हिस्सा लिया। इसके पूर्व सुबह 10.30 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर आगमन पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, महापौर मीनल चौबे, रमेश बैस, सरोज पाण्डे, गौरीशंकर अग्रवाल, शिवरतन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया। राष्ट्रपति सड़क मार्ग से विधानसभा पहुंचीं। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा, राष्ट्रपति के सचिव दीप्ति उमाशंकर एवं राज्यपाल के सचिव डॉ सीआर प्रसन्ना आदि उपस्थित थे। राष्ट्रपति इसके बाद छत्तीसगढ विधान सभा के सभागृह में पहुंचीं एवं वहां उन्होंने 'सदस्य संदर्भ' पुस्तक का विमोचन किया एवं इस पुस्तक की प्रति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेंट की। विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे रजिस्ट्री कार्यालय

**रायपुर।** राज्य शासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और तकनीकी सशक्तिकरण के माध्यम से शासकीय प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर यह निर्देशित किया गया है कि मार्च माह के सार्वजनिक अवकाश के दिनों 25, 29, 30 एवं 31 मार्च को भी सभी रजिस्ट्री कार्यालय खुले रहेंगे, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त, नागरिकों की सुविधा हेतु रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट का समय सायं 5 बजे से बढ़ाकर सायं 7 बजे तक कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को रजिस्ट्री विभाग के सॉफ्टवेयर एनजीडीआरएस में तकनीकी समस्या आने के कारण सर्वर अस्थायी रूप से डाउन हो गया, जिससे कुछ समय के लिए रजिस्ट्री कार्य बाधित हुआ। एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर का संचालन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र , पुणे द्वारा किया जाता है।

# इस बार राज्य स्तर पर एनएचएम से 45 हजार आई ग्लास की खरीदारी

## तत्काल उपलब्धता के लिए पहले जिलास्तर पर होती थी खरीदी, बदला गया सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंधत्व निवारण अभियान के तहत जांच के बाद बांटे जाने वाले निशुल्क चश्मे की खरीदी इस बार एनएचएम के माध्यम से की जा रही है। 45 हजार आई ग्लास खरीदने के लिए एनएचएम द्वारा जेम पोर्टल पर टेंडर जारी किया गया है। पूर्व में चश्मे की तत्काल उपलब्धता के लिए जिलास्तर पर खरीदी होती थी। इधर, फाइबर ग्लास के दौर में सामान्य कांच वाले मोटे चश्मे की खरीदी पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। कांच वाले चश्मे की टूटफूट का जोखिम अधिक होने के साथ यह महंगा भी होता है।

- फाइबर ग्लास के दौर में सामान्य कांच वाले चश्मे, जोखिम और अधिक खर्च पर उठे सवाल

सूत्रों के मुताबिक, अंधत्व निवारण अभियान के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पहले सहयोगी की भूमिका निभाता था। स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के बाद हितग्राहियों को तत्काल चश्मा उपलब्ध कराती है, इसके लिए संबंधित जिलों को चश्मा खरीदी के लिए फंड जारी किया जाता था। इस बार खरीदी के नियम में बदलाव कर दिया गया है और स्वयं स्वास्थ्य मिशन ने 45 हजार चश्मे का टेंडर जारी किया है। सूत्रों का कहना है कि टेंडर में चश्मे के लिए फ्रेम सहित अन्य सामग्री के लिए जो स्पेस्फिकेशन जारी किया गया है, वह विस्तृत नहीं है, जिसकी वजह से गड़बड़ी होने की आशंका अधिक है। निशुल्क वितरित किए जाने वाले चश्मे सामान्य ग्लास के होते हैं, जिसका उपयोग अब लगभग खत्म हो चुका है। ज्यादातर चश्मे अब फाइबर ग्लास से निर्मित होते हैं।

कांच वाले चश्मे के गिरने पर टूटने-फूटने का जोखिम अधिक होता है। इसके मोटे और वजनी होने के वजह से उपयोग करने वाला खुद को असहज महसूस करता है।

### पहले भी हो चुका है प्रयास

सूत्रों के अनुसार, चश्मे की खरीदी राज्यस्तर पर किए जाने का प्रयास पूर्व में भी हो चुका है। उस दौरान सप्लायर एजेंसी को लाभ पहुंचाने के आरोप भी सामने आ गए थे। तत्कालीन अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद विवादों से बचने के लिए राज्यस्तर पर खरीदी को स्थगित किया गया है और यह काम जिलास्तर पर प्रारंभ किया गया था, जिसे इस बार पुनः बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

### चश्मे टूटने की शिकायतें

सूत्रों के अनुसार, पूर्व में भी राज्यस्तर पर अभियान के तहत निशुल्क चश्मे का वितरण किया जाता रहा है। बांटे गए चश्मे कांच से बने होते हैं, जिसके टूटने-फूटने की शिकायत भी काफी आती रही है। खासकर स्कूली बच्चों को बांटे गए चश्मे का सही उपयोग उनके द्वारा नहीं हो पाता है। इसे देखते हुए कांच का उपयोग नहीं करने और फ्रेम का स्तर भी सुधारने की मांग काफी समय से उठ रही है।

## प्रमुख पर्यटन स्थलों चित्रकोट जलप्रपात, सिरपुर, बस्तर के विकास का मांगा ब्योरा

# बृजमोहन ने लोकसभा में पूछा, छग का पर्यटन बढ़ाने सरकार क्या कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संसद के प्रश्नकाल के दौरान केंद्र सरकार से राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी मांगी।

सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से प्रश्न पूछते हुए सांसद श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों चित्रकोट जलप्रपात, सिरपुर, बस्तर आदि के विकास के लिए सरकार की कार्ययोजना का ब्यौरा मांगा।



उन्होंने यह भी पूछा, क्या केंद्र सरकार राज्य में धार्मिक, सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई विशेष पैकेज जारी करने पर विचार कर रही है। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की आधारभूत संरचना जैसे सड़क, परिवहन, होटल और सुरक्षा सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में की जा रही पहल की जानकारी भी मांगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया, स्वदेश दर्शन योजना की शुरुआत के बाद से देशभर में 5287 करोड़ रुपए की लागत से 76 पर्यटन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ में भी एक परियोजना शामिल है। तीर्थ स्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन (प्रशाद) योजना के तहत देशभर में 1620.21 करोड़ रुपये की लागत से 48 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ में भी एक परियोजना शामिल है। श्री शेखावत ने बताया, वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास की विशेष योजना एसएएससीआई के तहत छत्तीसगढ़ में दो परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है, जो कुल 3295.76 करोड़ रुपए की लागत से 40 परियोजनाओं का हिस्सा है।

### विस्तार किया जा रहा है

श्री शेखावत ने बताया, स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में जनजातीय परिपथ के तहत 96.10 करोड़ रुपए की लागत से जशपुर, कुनकुरी, मैनपाट, कमलेशपुर, महेशपुर, सरोधादादर, गंगरेल, कोंडागांव, नथियानवागांव, जगदलपुर, चित्रकूट और तीर्थगढ़ के पर्यटन विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा, प्रसाद योजना के तहत 44.84 करोड़ रुपए की लागत से मां बमलेश्वरी मंदिर में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इतना ही नहीं एसएएससीआई के तहत 95.79 करोड़ रुपए की लागत से रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास और 51.87 करोड़ रुपए की लागत से रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का निर्माण किया जा रहा है।

# मतदाताओं के लिए छग विकास पार्टी ने जारी किया गारंटी पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में सरकार बनाने वाले वोटर्स को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए 76 साल में किसी भी पार्टी ने कोई प्रावधान नहीं किया है, जबकि मतदाओं के वोट से सत्ता में आने वाले विधायकों और मंत्रियों को कई तरह की सुविधाएं मिलती हैं। इसे देखते हुए लोगों को समस्याओं से मुक्ति दिलाने और मतदाताओं की सरकार में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ विकास पार्टी 12 सूत्रीय गारंटी पत्र जारी कर रही है। मोतीबाग प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद पीआर खुंटे ने सोमवार को कहा कि कई सरकारें आईं और गईं। इसे बनाने वाले मतदाताओं को आज तक किसी प्रकार से आर्थिक लाभ किसी भी पार्टी ने नहीं दिया। आने वाले समय में लोकसभा और राज्य में सरकार बनाने के लिए होने वाले चुनाव में जनता अगर छत्तीसगढ़ विकास पार्टी को सत्ता में आने का अवसर देती है, तो उनके लिए अभी से पार्टी 12 सूत्रीय गारंटी पत्र की घोषणा करती है। इसमें हर मतदाता जो वोट डालेंगे, उन्हें 1750 रुपए हर महीने देने के साथ ही 3500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की गारंटी देती है। साथ ही पलायन रोकने के लिए बेरोजगारों को जब तक काम नहीं मिलता है,उन्हें तीन हजार रूपए भत्ता देने सहित 12 सूत्रीय गारंटी देने की घोषणा करती है।

- पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद पीआर खुंटे ने दी जानकारी

## खबर संक्षेप



### संत उदयनाथ बाबा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, दिया न्योता

**रायपुर।** गॉस मेमोरियल मैदान में आगामी 27 से 29 मार्च तक होने वाले त्रि-दिवसीय विश्व शांति अखंड ब्रह्म महायज्ञ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 28 मार्च को शामिल होंगे। यह महायज्ञ अलेख महिमा धर्म संस्था के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय प्रचारक संत उदयनाथ बाबा ने मुख्यमंत्री से एक विशेष मुलाकात की और उन्हें आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान उनके साथ कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष किशोर महानंद भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का संचार करते हैं। कार्यक्रम में विश्व शांति, सामाजिक समरसता और मानवता के कल्याण के लिए प्रार्थनाएं और मंत्रोच्चारण किए जाएंगे।

### पक्षियों के लिए दाना, सकोरा और कोटना वितरण



**रायपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा के नेतृत्व में सोमवार को पक्षियों एवं गोमाता की प्यास बुझाने के लिए दाने, सकोरे एवं कोटने का निशुल्क वितरण किया गया। विशाल कुकरेजा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सकोरे एवं कोटने का वितरण किया गया। हमारी टीम पक्षियों, गोमाता एवं बेजुबान पशुओं की सेवा के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है।

# विद्यार्थियों ने घेरा विवि प्रशासनिक भवन, कहा- परीक्षा शुल्क असहनीय, इधर... आज से आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा छात्रों से प्रवेश परीक्षा के लिए 700 रुपए लिए जाने संबंधित फरमान का विरोध तेज हो गया है। छात्रों इसे असहनीय बताते हुए कहा है कि इतनी अधिक राशि किसी भी गरीब या निम्न मध्यमवर्गीय परिवार के छात्रों के लिए दे पाना संभव नहीं है।

प्रवेश परीक्षा के वक्त ही छात्रों से इतनी अधिक राशि की मांग की जाएगी तो विद्यार्थी प्रवेश के लिए अपनी योग्यता सिद्ध ही नहीं कर पाएंगे। छात्रों ने प्रवेश परीक्षा शुल्क का विरोध करते हुए सोमवार को विवि के प्रशासनिक भवन का घेराव किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में यह विरोध-प्रदर्शन किया गया। गौरतलब है कि रविवि द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए शुल्क लिया जाएगा।

रविवि से मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों में प्रवेश मेरिट आधार पर दिया जाता है, जबकि रविवि अध्ययनशाला में इसके लिए प्रवेश परीक्षा ली जाती है। प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर छात्रों को दाखिले मिलते हैं।

### शुल्क माफी की मांग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुल्क माफी के लिए ज्ञापन दिया। छात्रों ने इस दौरान कहा, प्रवेश शुल्क आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों के लिए बोझ बन गया है। इस निर्णय से अनेक छात्र उच्च शिक्षा की दौड़ में पीछे छूट सकते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन से अपील है कि वह इस अनुचित वृद्धि को तुरंत वापस ले और प्रवेश परीक्षा शुल्क को न्यूनतम स्तर पर निर्धारित करे। यदि प्रशासन छात्रों के हित में शीघ्र निर्णय नहीं लेता है, तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होगी। इस अवसर पर अभाविप के प्रांत जनजाति कार्य प्रमुख जितेश नेताम और विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रदीप साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**रविवि द्वारा नए सत्र से प्रवेश परीक्षा के रूप में लिए जाएंगे 700 रुपए**



■ अब तक निशुल्क रूप से आयोजित होती रही है प्रवेश परीक्षा



### 25 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

रविवि द्वारा प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 25 मार्च से प्रारंभ कर दिए जाएंगे। छात्र 25 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 15 से 18 मई तक विषयवार आयोजित की जाएगी। आवेदन करने के दौरान ही विद्यार्थियों को 700 रुपए का भुगतान करना होगा।

---

एक वर्ष पूर्व नया टेंडर दिया था, कंपनी विवादित होने की वजह से टेंडर रद्द किया गया

# डॉयल-112 का नया टेंडर कब होगा, इसे लेकर संशय की स्थिति

**टेंडर समाप्त हुए दो वर्ष हो गए, पुरानी कंपनी के भरोसे संचालित हो रही डॉयल-112 की सेवा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य में डॉयल-112 सेवा का संचालन करने का टाटा ग्रुप का कार्यकाल दो वर्ष पूर्व ही समाप्त हो गया है। टेंडर अवधि समाप्त होने के बाद भी अब तक किसी नई एजेंसी को सेवा संचालित करने टेंडर नहीं दिया गया है। एक वर्ष पूर्व मुंबई के जिकित्जा ग्रुप को सेवा संचालित करने टेंडर दिए जाने की प्रक्रिया की जा रही थी। कंपनी के विवादित होने के बाद जिकित्जा को सेवा संचालित करने टेंडर नहीं दिया गया।

तब से डॉयल-112 की टेंडर प्रक्रिया को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। डॉयल-112 की सेवा वर्तमान में 11 पुराने के साथ पांच नए जिलों में संचालित की जा रही है। सेवा का विस्तार राज्य के सभी 33 जिलों में करने योजना बनाई गई है, लेकिन योजना केवल कागजों तक सिमित है। इसकी वजह डॉयल-112 सेवा की नए सिरे से टेंडर नहीं दिया जाना है। वर्तमान में डॉयल-112 की 240 गाड़ियां संचालित की जा रही हैं। सभी गाड़ियां पुरानी हो चुकी हैं। इस वजह से पुरानी गाड़ियों को मरम्मत कर चलाया जा रहा है। डॉयल-112 सेवा के लिए टेक्निकल सपोर्ट टाटा ग्रुप का है। सेवा का संचालन एबीपी ग्रुप कर रहा है।



### टेंडर नहीं होने से करोड़ों की गाड़ियां कबाड़

डॉयल-112 की सेवा का सुचारू रूप से संचालित करने दो वर्ष पूर्व बजट स्वीकृत किया गया था। स्वीकृत बजट से दो सौ इमरजेंसी रिस्पांस व्हिकल (ईआरवी) वाहन खरीदे गए। सेवा संचालित करने नई कंपनी नहीं आने की वजह से गाड़ियों का इस्तेमाल नहीं हो पाया। इस वजह से सभी गाड़ियां अमलेश्वर स्थित बटालियन में खड़ी-खड़ी कबाड़ में तब्दील हो गईं। खरीदी गई सभी गाड़ियां बीएस-6 मॉडल की हैं।

### अफसर कुछ भी बोलने से बच रहे

डॉयल-112 सेवा के नए सिरे से टेंडर जारी करने के लेकर पुलिस मुख्यालय से संपर्क किया गया। संबंधित अफसर ने इस संबंध में कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। अफसरों का कहना है कि डॉयल-112 सेवा का नए सिरे से टेंडर जारी करने की प्रक्रिया शासन स्तर पर तय होगी। इस पर वे किसी भी तरह से टिप्पणी नहीं कर सकते। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने मुख्यालय ने शासन के पास डॉयल-112 की सेवा संचालित करने किसी कंपनी के नाम का प्रस्ताव शासन के पास भेजा है।

### मरम्मत कर गाड़ियां चलाई जा रही

अफसरों के अनुसार वर्तमान में संचालित डॉयल-112 की सभी गाड़ियां ऑन रोड है। पूर्व में जो गाड़ियां खराब हुई थी, उन सभी गाड़ियों की कंपनी ने मरम्मत करा दी है। डॉयल-112 में संचालित गाड़ियां अपनी निर्धारित क्षमता से कई हजार किलोमीटर ज्यादा चल चुकी है। इस वजह से डॉयल-112 की गाड़ियों में आए दिन खराबी आती रहती है। ज्यादातर गाड़ियां कबाड़ होने की स्थिति में पहुंच गई हैं।

### कर्मचारियों के काम बंद करने से हुई परेशानी

वर्तमान में डॉयल-112 की सेवा टाटा ग्रुप की ओर से एबीपी ग्रुप डॉयल-112 की सेवा संचालित कर रहा है। इमरजेंसी मदद के लिए कॉल करने वाले का लोकेशन देने का काम एबीपी ग्रुप ने किसी दूसरे सॉफ्टवेयर कंपनी को दिया है। एबीपी ग्रुप द्वारा लोकेशन देने वाले सॉफ्टवेयर कंपनी को कुछ माह से भुगतान नहीं किए जाने की बात सामने आई है। इसके चलते सॉफ्टवेयर कंपनी के कर्मचारियों ने शुक्रवार को काम बंद कर दिया। इसके चलते किसी भी कॉलर का लोकेशन डॉयल 112 की टेक्नीकल टीम को मिलना बंद हो गया। इस वजह से इमरजेंसी कॉल का लोकेशन ढूंढने में डॉयल-112 के कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है, एबीपी ग्रुप को पुलिस मुख्यालय ने भुगतान कर दिया था। एबीपी ने सॉफ्टवेयर कंपनी को भुगतान नहीं किया था।

# मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन कोष समिति की विशेष आमसभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश साहू समाज की प्रतिभाओं के प्रोत्साहन, मार्गदर्शन, कोचिंग, उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में आर्थिक मदद से नवगठित मां कर्मा कोष निर्माण समिति की विशेष आमसभा एवं शपथ ग्रहण समारोह हुआ। यह कार्यक्रम बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में सोमवार को किया गया।

मुख्य अतिथियों ने स्वागत भाषण में समिति की कार्ययोजना एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला कि इस अल्प समय में ही समाज के समस्त प्रबुद्ध वर्गों के द्वारा शनैः शनैः11000, 21000, 5000,1000 वार्षिक रुपए की स्वस्फूर्त अंशदान मां कर्मा कोष में जमा किया जा रहा है, जिसमें अभी तक 265 समाजसेवियों द्वारा 13.45 लाख रुपए जमा करा दिया गया है, जिसमें समाज के जरूरतमंद प्रतिभावान बच्चों की मदद के लिए 15 सदस्यीय संचालन समिति के साथ ही शिक्षाविदों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की 5 सदस्यों की चयन समिति गठित की जाएगी। प्राचार्य डॉ. किरण साहू ने समाज की हर बेटी को अत्यंत कम पैसे में शासकीय कॉलेजों में हरसंभव शिक्षा दिलाने के लिए सभी माताओं को प्रेरित किया। इसके बाद नवनिर्वाचित सदस्यों और पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश साहू समाज के कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन सिंह साहू, मुख्य अभियंता रामफल साहू, सत्यप्रकाश साहू, लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य सुकृत लाल साव, डॉ. किरण गजपाल, प्रो. घनाराम साहू, बीसी साहू, टीआर साहू, सत्यप्रकाश साहू, आदि शामिल थे।

# समुदाय आधारित समावेशी विकास कोर्स 1 अप्रैल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

समुदाय आधारित समावेशी विकास (सीबीआईडी) कोर्स भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय और राष्ट्रीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) नई दिल्ली के सहयोग से बनाया गया है। यह कोर्स मात्र 2 हजार प्रवेश शुल्क में छह माह में दिया जाएगा।

पहले प्रयास में ही उत्तीर्ण सीबीआईडी प्रतिभागियों के दो हजार वापिस मिल जाएंगे, जिसका अर्थ है कि उसने निशुल्क यह कोर्स किया है, यह कोर्स 1 अप्रैल से शुरू होगा। छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित आकांक्षा लायंस इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एम्पॉवरमेंट, अवंति विहार रायपुर की एकमात्र संस्था है, यह सीबीआईडी कोर्स को संचालित करेगी। सीबीआईडी कोर्स का चौथा बैच 1 अप्रैल और पांचवा बैच 1 सितंबर से संचालित किया जाएगा।

समुदाय आधारित समावेशी विकास (सीबीआईडी), दिव्यांग मित्र बनने की सीढ़ी है, जिसको करने के प्रमुख लाभ हैं, राष्ट्रीय पुनर्वास परिषद नई दिल्ली से मान्यता मिलती है, कम अवधि (छह माह) में दिव्यांग मित्र बनने का सुनहरा अवसर, सीबीआईडी कोर्स का प्रवेश शुल्क 2000 होगा और ऐसे प्रतिभागी, जो पहले प्रयास में उत्तीर्ण होते है, उनका यह 2000 वापिस कर दिया जाएगा।

**// नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र //**

मैं कु. अपूर्वा शर्मा पिता- गौरी शंकर शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी- पुणेन्द्र आटा चक्की पुरानी बस्ती रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि:-
1. यह कि, मेरा नाम, पता व जन्म की तारीख - 02.08.1995 एवं अन्य आवश्यक विवरण उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2 यह कि, मेरे कक्षा पांचवी, आठवीं दसवीं, बारहवीं, बी.ए., एम. ए., आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट वोटर आईडी, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्रों पर एवं समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों मे मेरा नाम अपूर्वा शर्मा (APOORVA SHARMA D/O GAURI SHANKAR SHARMA) दर्ज हैं।
3 यह कि, मेरा विवाह दिनांक - 28.02.2017 को श्री राजकुमार अग्रवाल पिता- महेश्वर कुमार अग्रवाल उम्र- 32 वर्ष से सामाजिक रिती रिवाज अनुसार विधिवत विवाह किया था तदुपश्चात अब वर्तमान में मैं श्रीमती अपूर्वा अग्रवाल (APOORVA AGRAWAL W/O RAJKUMAR AGRAWAL) हो गई हूँ जो मेरा नाम परिवर्तित कर ऐश्वर्या अग्रवाल पति राजकुमार अग्रवाल (AISWRIA AGRAWAAL W/O RAJKUMAR AGRAWAL) नया नाम परिवर्तित की हूँ।
4 यह कि, इस प्रकार अपूर्वा शर्मा पिता - गौरीशंकर शर्मा (APOORVA SHARMA D/O GAURI SHANKAR SHARMA) एंव ऐश्वर्या अग्रवाल पति - राजकुमार अग्रवाल (AISWRIA AGRAWAAL w/o RAJKUMAR AGRAWAL) दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति के नाम है अर्थात मेरे स्वयं के ही है।
5 यह कि, उपरोक्त कथनों की सत्यता के समर्थन में यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।
शपथकर्ता
सत्यापनः-
मैं, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि, शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 05 में वर्णित तथा मेरे निजी नाम मे सही व सत्य है आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. मे अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूँ।
रायपुर, छ.ग. दिनांक 12.03.2025
सत्यापितकर्ता

**// नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र //**

मै, सुरभि सिंह पिता- श्री देवेन्द्र सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी- जगन्नाथ मंदिर के पास अश्वनी नगर रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि :-
1. यह कि, मेरा नाम, पता व अन्य आवश्यक विवरण उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2 यह कि, मेरे कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं, बी.ए., एम.ए., आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट वोटर आईडी, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्रों पर एवं समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय दस्तावेजों मे मेरा नाम सुरभि सिंह (SURBHI SINGH D/O DEVENDRA SINGH) दर्ज है जो त्रुटिवश दर्ज है।
3. यह कि, इस प्रकार सुरभि सिंह पिता- देवेन्द्र सिंह (SURBHI SINGH D/O DEVENDRA SINGH) एवं ऐश्वर्या सिंह पिता- देवेन्द्र सिंह (ASWARYA SIINGH D/O DEVENDRA SINGH) दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति के नाम है मैं अपने समस्त निजी शासकीय, अर्द्धशासकीय, दस्तावेज एवं अन्य अभिलेखों में उक्त त्रुटि सुधार कर अंकित करवाने हेतु एवं नाम परिवर्तन हेतु गजट छ.ग. राजपत्र में कराये जाने बाबत यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।
4 यह कि, इस संबंध मे किसी भी व्यक्ति अथवा संस्थान/बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की उज्जर आपत्ति होतो वैध दस्तावेज सहित लिखित में अपनी सहमति दैनिक सामाचार पत्र में प्रकाशन करने से 10 दिन के अंदर लिखित दस्तावेजों के साथ आपत्ति दर्ज सकते है।
5 यह कि, उपरोक्त कथनों की सत्यता के समर्थन मे यह शपथपत्र सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।
शपथकर्ता
सत्यापन :-
मै, उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि, शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 05 में वर्णित तथा मेरे निजी नाम मे सही व सत्य है आज दिनांक को स्थान रायपुर छ.ग. मे अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूँ।
रायपुर, छ.ग.
दिनांक - 25.02.2025
सत्यापनकर्ता

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ :- जिला- रायपुर तहसील-धरसीवा प.ह.न.-00015 गिधौरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440717800004**

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम गिधौरी के वर्तमान भूमिस्वामी मंगलू पिता/पति-पि, थनवार पता-सा. नगरगांव के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1/4(0.2270), 2/1(0.1820), 3/1(0.4050), 30(0.3930) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सनद कुमार वर्मा पिता/पति-स्व. मंगलू राम वर्मा पता-सा. नगरगांव, अरविंद कुमार वर्मा पिता/ पति-सनद कुमार वर्मा पता-सा. नगरगांव के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/03/2025 को जारी किया जाता है।
Rajendra Chandrakar
नायब तहसीलदार
मुहर उप तहसील सारागांव,
जिला-रायपुर छ.ग.

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ: जिला रायपुर तहसील-धरसीवा प.ह.न.-00015 नगरगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- . RD202425440717500005**

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम नगरगांव के वर्तमान भूमिस्वामी 'मंगलू राम पिता/पति- थनवार पता-सा. दहे के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 639/3 (0.0610), 639/8 (0.0200), 856/4 (0.5060), 855/1 (0.4290), 912 (0.1620), 303/5 (0.2270) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सनद कुमार वर्मा पिता /पति-स्व. मगलू राम वर्मा पता-सा. नगरगांव, अरविंद कुमार वर्मा पिता/ पति-सनद कुमार वर्मा पता-सा. नगरगांव के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/03/2025 को जारी किया जाता है।
Rajendra Chandrakar
नायब तहसीलदार
मुहर उप तहसील सारागांव,
जिला-रायपुर छ.ग.

**नाम परिवर्तन (शपथ पत्र)**

मैं मोहम्मद शकील पिता श्री मोहम्मद सलीम निवासी फातेशा मार्केट के सामने, शहीद हमीद नगर रायपुर छ.ग. जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि-
01. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
02. यह कि मेरी पुत्री ज़ैनब फातिमा कि जन्म दिनांक 08/01/2022 को स्थान जिला चिकित्सालय रायपुर छ.ग. में हुआ है, जिसका पंजीयन क्रमांक बी-2022:22-90-201-000078, पंजीयन दिनांक 12/01/2022 है, जिस पर मेरी पुत्री का नाम अलीज़ा फातिमा अंकित है।
03. यह कि मैं अपनी पुत्री के उक्त जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम अलीज़ा फातिमा के स्थान पर ज़ैनब फातिमा अंकित करवाना चाहता हूं जिस हेतु समस्त नियम व शर्तें मान्य है।
04. यह कि मैं उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र में अपनी पुत्री का नाम ज़ैनब फातिमा अंकित करवाने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।
शपथकर्ता
सत्यापन
मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि मेरे द्वारा दिया गया जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य व सही है जिसे मैं अपने हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
24/03/2025 शपथकर्ता

**न्यायालय नायब तहसीलदार,**
**उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. अ-74 / वर्ष 2024-25
ग्राम भुरकोनी, प.ह.न. 13
सारागांव दिनांक 19/03/2025
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार वाधवानी पिता लालचंद वाधवानी निवासी बनिया पारा धमतरी छ.ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम भुरकोनी प.ह.न.-13 रा.नि.मं. रायपुर 16 सारागांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 9/6 रकबा 0.101 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गया है, जिसके संबंध में बैनामा पेश किया है एवं उक्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने संबंधी थाना सिटी कोतवाली धमतरी छ.ग. में दी गई है। अतः आवेदित भूमि के संबंध में आवेदक द्वारा द्वितीय ऋण पुस्तिका जारी किये जाने का निवेदन किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 09/04/2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/03/2025 को जारी किया जाता है।
नायब तहसीलदार
मुहर उप तहसील सारागांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

# सनातन धर्म संस्कृति उत्थान के लिए संत-महात्माओं ने निकाली पदयात्रा

**रायपुर।** सुरेश्वर महादेवपीठ खम्हारडीह से सनातन धर्म संस्कृति उत्थान के लिए हर क्षेत्रों में संत-महात्माओं का पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा विश्व हिंदू परिषद शंकर नगर के प्रखंड मंत्री भूषण साहू और सुरेश्वर महादेवपीठ के स्वामी डॉ. राजेश्वरानंद महाराज के मार्गदर्शन में निकाली गई। पदयात्रा के दौरान संत-महात्माओं का समाजसेवी ओम राठौड़, बृजलाल साहू, मोनू साहू, पुष्पा यादव व बजरग दल के भाईयों और बहनों ने हर चौराहे पर माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया और संत महात्माओं ने लव जिहाद, गोहत्या, सामाजिक समरसता और भेदभाव की भावना आदि के लिए जनमानस से विशेष मुलाकात कर चर्चा की एवं गीतांजलि नगर के भारत माता चौक के पास पहुंचकर सभी समितियों में भारत माता की पूजा-अर्चना और आरती की। इस अवसर पर नंदकिशोर अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।



**मनवा कुर्मी समाज का होली मिलन, सम्मान समारोह**

**रायपुर।** छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज रायपुर राज द्वारा बुद्ध विहार कोटा कालोनी में शनिवार को सम्मान समारोह एवं होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./202501116400025/
ब-121/2024-2025
ग्राम माना प.ह.नं. 80
रायपुर, दिनांक 19/03/2025
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कल्पना पटेल वगैरह पिता-जगमोहन पटेल निवासी-माना बस्ती, माना, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में नवीन ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम माना प.ह.नं. 80 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर-1148, 1151/1 का रकबा क्रमशः 0.0160 हे., 0.0280 हे., खसरा नंबर-1151/2 रकबा 0.0120 हे., 1151/3 रकबा 0.0120 हे. भूमि आवेदकगण के नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि आवेदकगण के हक वो भूमिस्वामी हक की भूमि है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका अप्राप्त है। अतः आवेदिका द्वारा नवीन ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।
अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 07/04/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 19/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर अतिरिक्त तहसीलदार
रायपर (छ.ग.)

**आम सूचना**

**(मौजा तेन्दुआ, प.ह.नं. 32, रायपुर स्थित भूमि के संबंध में)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री बसंत कुमार अग्रवाल पिता श्री सोहन लाल अग्रवाल, निवासी-54 / 1090, शांती विहार कॉलोनी, शितला मंदिर के पीछे, डंगनिया, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) - 492001 रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से कंपनी मंगलम एग्रीकल्चर्स एण्ड फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड केव स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा तेन्दुआ, प.ह.नं. 32, रा.नि.मं. रायपुर - 19- धनेली, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 90/3 रकबा 0.283 हैक्टेयर एवं खसरा नंबर 90/31 रकबा 0.130 हैक्टेयर याने कुल खसरे 2 (दो) एवं कुल रकबा 0.413 हैक्टेयर को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा चुके है, सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।
अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या निकाय इत्यादि को उक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वत्व आधिपत्य या अंतरण के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 5 (पांच) दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित में प्रस्तुत करें। समयावधि उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करवा लिया जावेगा तदोपरांत की गई कोई भी आपत्ति या दावा अवैध एवं शून्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जाने।
स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 24.03.2025
भवदीय
शब्बीर भारमल (कपासी), मोईज़ भारमल,
अधिवक्तागण, 7, पुष्पक अपार्टमेंट,
छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
मो. 98271-50152, 96912-34252

**आम सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजना बेलभाठा, अभनपुर, रायपुर में निर्मित स्वतंत्र भवन क्रमांक - 167, श्री कुलेश कुमार साहू पिता श्री बन्नू राम साहू के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 4415 दिनांक 29.06.2009 के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 17.12.2009 को सेल - डीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 09.06.2016 को को हस्तांतरण विलेख (फ्री - होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण-विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को श्रीमति मीना साहू पति श्री मदन लाल साहू के पक्ष में दिनांक 16.01.2017 को विक्रय - विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है उपरांत श्रीमति मीना साहू पति श्री मदन लाल साहू का मृत्यु हो जाने के कारण पति श्री मदन लाल साहू पिता स्व. श्री केजू राम साहू, निवासीः- वार्ड नं.- 01, अभनपुर बस्ती, थाना व तहसील - अभनपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.) द्वारा अपने नाम फौती दर्ज किया गया है। क्रेता श्री मदन लाल साहू पिता स्व. श्री केजू राम साहू, द्वारा उक्त भवन को फ्री - होल्ड पश्चात अपने नाम पर मण्डल के अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतः उक्त भवन का फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल के अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र,
नवा रायपुर अटल नगर

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण पारस नाथ राजभर, शिवजी प्रसाद राजभर, लालजी राजभर, तीनों पिता श्री बीरबिल राम राजभर, सभी निवासी- हालमुकाम - कातुल बोड चौक, एसएएफ लाईन, भिलाई, जिला दुर्ग छ.ग. का संयुक्त परिवर्तित भूमि मौजा-ग्राम-मठपुरैना, प.ह.नं.- 61. रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. जिसका खसरा नंबर 70/27, रकबा 0.0100 हे. अर्थात लगभग 1200 वर्गफुट है और मौजा ग्राम-कातुल बोड, प.ह.नं.-00020, रा.नि.मं. दुर्ग-1, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. जिसका खसरा नंबर 7/26, रकबा 0.016 हे. अर्थात लगभग 1800 वर्गफुट भूमि है। उपरोक्त दोनों खसरों की भूमि को तीनों भाई आपस में मिल-जुलकर स्वयं के अर्जित रकम से क्रय कर अपने पिता श्री बीरबिल राम राजभर पिता स्व. काशीराम राजभर उम्र 85 वर्ष के नाम से रजिस्ट्री/ बैनामा निष्पादित कराकर उन्हें भूमिस्वामी बनाया गया है ताकि भविष्य में हम तीनों भाईयों के उपरोक्त दोनों संपत्ति के हिस्सा बंटवारा में कोई आपत्ति न हो और हम तीनों भाईयों का उपरोक्त संपत्ति पर बराबर-बराबर का हक व अधिकार व हिस्सा रहे। हम तीनों भाईयों के बिना सहमति के उपरोक्त दोनों परिवर्तित भूमि के संबंध में किसी प्रकार का संव्यवहार करने का अधिकार हमारे पिता को नहीं है।
हमारे उपरोक्त दोनों परिवर्तित भूमि के संबंध में हमारे पिता श्री बीरबिल राम राजभर से बिक्री, रहन, गिरवी, वसीयत, दान इत्यादि किसी प्रकार का संव्यवहार व लेन-देन न करे। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वह 85 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति हैं, उन्हें उपरोक्त भूमियों के संबंध में कोई समझ-बूझ व जानकारी नहीं है। उसके बाद भी कोई व्यक्ति, संस्थान, निकाय व आम जनता या वारिसानगण उपरोक्त दोनों परिवर्तित भूमि के संबंध में कोई लेन-देन, खरीदी-बिकी, रहन - गहन, वसीयत, दान या किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह पूर्णतः गैरकानूनी, अवैधानिक होकर नाजायज व झूठा माना जायेगा। तत्संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय व आम जनता को कोई आपत्ति दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन होने के 10 दिनों के अंदर मय दस्तावेज सहित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, म्याद अवधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी।
"सो सूचना जाने"
भवदीय
रायपुर छ.ग. राजकुमार गिरी, अधिवक्ता .03.2025
भैरव नगर, मठपुरैना, रायपुर छ.ग.
मो. 9300311322






## खबर संक्षेप



### शराब परोसने वाले कार्यक्रम के विरोध में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

**रायपुर।** असंगठित क्षेत्र व समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मो. सिद्दीक व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सार्वजनिक तौर पर शराब परोसने वाले कार्यक्रम की शिकायत की। उन्होंने बताया कि राजधानी में 28 मार्च को होने वाले कव्वाली आयोजकों द्वारा शराब परोसी जाएगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संस्कृति के खिलाफ और नशाखोरी को प्रोत्साहन देने वाले इस आयोजन आवश्यक कार्यवाही करने की मांग कर बड़ा विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। मो. सिद्दीक ने बताया कव्वाली की महफ़िल एक बेहतर आयोजन है, लेकिन सार्वजनिक तौर पर शराब परोसना एक बेहद निंदनीय कृत्य है और हमारे प्रदेश की संस्कृति के विरुद्ध कार्य है। ऐसे कार्यक्रमों से नशाखोरी को प्रोत्साहन मिलेगा और अपराधिक घटनाओं में वृद्धि होगी।

### चित्रांशोत्सव की तैयारी में जुटा कायस्थ समाज



**रायपुर।** श्री चित्रगुप्त जयंती आयोजन समिति छत्तीसगढ़ द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 4 मई को चित्रांशोत्सव को भव्य आयोजन किया जाएगा। समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष के कार्यक्रम में चित्रगुप्त पूजन, आरती, सामाजिकजनों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक सम्मान पत्रिका विमोचन ,नाट्य मंचन एवं रात्रिभोज शामिल है। यह कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज सभागार में होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर रविवार को आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमे प्रमुख रूप से राजेंद्र श्रीवास्तव, प्रदीप वर्मा, राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, सुभाष वर्मा, विट्ठल श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, संदीप वर्मा, दिलीप वर्मा आदि कायस्थजन उपस्थित थे।

### श्री राम कथा जारी, महाराज का किया स्वागत



**रायपुर।** श्रीराम कथा आयोजन समिति वीर सावरकर नगर रायपुर की सृजना से 20 से 26 मार्च तक संतराम ज्ञानीदास महात्यागी तिरखेड़ी आश्रम गोंदिया द्वारा रामकथा का आयोजन किया गया है। तृतीय दिवस 22 जून को बरसाना कॉलोनी में माता जानकी का विवाह महोत्सव संपन्न हुआ। तृतीय दिवस की कथा में महाराज द्वारा राघवेंद्र सरकार के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, इसके बाद व्यासपीठ का पूजन महेश अग्रवाल द्वारा शुभारंभ किया गया। महाराज का स्वागत संजय पुरी गोस्वामी, मनीष तोमर, संजीव सोनी, राज शर्मा, शैलेश गुप्ता, अनन्या अग्रवाल, संजू व्यास ने किया। महाराज ने रामकथा के माध्यम से राष्ट्र एवं धर्म का अद्भुत प्रसंग प्रतिपादित किया। प्रभु श्रीराम ऋषि संस्कृति के एवं मां जानकी कृषि संस्कृति की हैं। महाराज ने कहा, जब ऋषियों पर अत्याचार होता है, तब धर्मांतरण होता है, जब कृषि पर अत्याचार होता है, तब गोहत्या होती है।

### मार्शल भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहायक मार्शल भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में सहायक मार्शल पदों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 6 अक्टूबर 2024 को आयोजित की गई थी। 27 फरवरी को मॉडल आंसर जारी करने के बाद इस पर व्यापम द्वारा 6 मार्च तक दावा-आपत्ति मांगी गई थी। दावा- आपत्ति के निराकरण के बाद लिखित परीक्षा के अंतिम उत्तर व परीक्षा परिणाम सोमवार को व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

# नियमों की सख्ती का असर, आवंटित सभी सीटों पर हुआ एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लंबी चली काउंसिलिंग की प्रक्रिया के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने शासकीय और निजी कालेजों की 502 एमडी-एमएस की सीटों में 454 में एडमिशन पूरा कर लिया। अंतिम दिनों में स्पेशल स्ट्रे राउंड में नियमों की सख्ती काम आई और आवंटित सभी 30 सीटों में प्रवेश पूरा हुआ। नियम बनाया गया था कि अगर कोई अभ्यर्थी सीट का त्याग करता है, तो उसे अगले नीट में अपात्र माना जाएगा। इसके बाद निजी कालेजों की 48 सीटें लैप्स हो गईं, जिसके लिए किसी भी अभ्यर्थी का च्वाइस फीलिंग नहीं किया था।

इस बार विभिन्न रुकावटों के कारण मेडिकल पीजी के एडमिशन की प्रक्रिया करीब पांच महीने तक चलती रही है। पिछले कुछ सालों के ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए इस बार एनएमसी द्वारा स्पेशल स्ट्रे राउंड के लिए नया नियम लाया था, जिसमें पंजीयन राशि की जब्ती के साथ सीट छोड़ने वाले को नीट पीजी की प्रवेश परीक्षा के लिए अपात्र किए जाने का उल्लेख था। इसकी वजह से सीमित लोगों ने च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी की और 30 लोगों को सीटों का आवंटन जारी किया गया। निर्धारित तिथि तक सबने एडमिशन ले लिया और निजी कालेजों की एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री व फार्माकोलॉजी की वहीं सीटें खाली रह गईं, जिसका चयन अभ्यर्थियों ने नहीं किया था। सूत्रों के मुताबिक हमेशा की तरह इस बार भी क्लीनिकल विषयों की सीट मॉपअप राउंड तक पूरी तरह भर गई थी। नॉन क्लीनिकल में पैथोलॉजी, कम्यूनिटी मेडिसिन जैसे विषयों में भी अभ्यर्थियों ने रुचि दिखाई थी। इसका फायदा शासकीय के साथ निजी कालेजों को भी हुआ और 80 फीसदी से ज्यादा सीटों में पढ़ाई के लिए छात्र मिल गए।

### प्राइवेट प्रेक्टिस का स्कोप

सूत्रों के अनुसार क्लीनिकल विषयों की डिमांड हमेशा से काफी अधिक रही है। इसमें जनरल मेडिसीन टॉप पर होता है, इसके अलावा चिकित्सा छात्रों की दिलचस्पी, रेडियोडायग्नोसिस, आर्थो, पीडियाट्रिक, डर्मेटोलॉजी, ईएनटी जैसे विषयों में काफी अधिक होती है। इसकी दूसरी वजह इन विषयों के विशेषज्ञों का प्रायवेट प्रेक्टिस में बेहतर स्कोप होना है।



- स्पेशल स्ट्रे राउंड में एडमिशन लेना था अनिवार्य, नहीं तो नीट में हो जाते अपात्र, पीजी की केवल 48 सीटें लेप्स
- शासकीय और निजी में 502 पीजी की सीट, 454 में पूरा हुआ एडमिशन

### इस बार 5 परसेंटाइल

एनएमसी ने इस बार एमडी-एमएस में प्रवेश के लिए न्यूनतम अंकों में 5 परसेंटाइल का संशोधन किया था। इसके पूर्व स्ट्रे राउंड के प्रवेश के बाद खाली सीटों पर एडमिशन जीरो परसेंटाइल पर दिया जाता था। एडमिशन लेने वालों की योग्यता को बनाए रखने के लिए इस बार नियम में बदलाव कर न्यूनतम अंक तय किया गया था।

## शहर की कॉलोनियों में लोगों को सुविधा देने का कागजी दावा

# आरडीए-हाउसिंग बोर्ड की अनदेखी से लोगों के गार्डन-कम्यूनिटी हाल की जमीन पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के लोग सरकारी एजेंसियों पर भरोसा करने की सजा विगत 20 सालों से काट रहे हैं। मकान और फ्लैट बेचते समय आरडीए ही नहीं, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी भी लोगों को कई तरह की सुविधा देने के लिए कागजी दावा करने के बाद भूल गए हैं। इससे लोगों को मनोरंजन के लिए गार्डन और आयोजनों के लिए छोटे-बड़े कम्यूनिटी हाल की सुविधा अभी तक नहीं दे पाए हैं। इसके लिए छोड़ी गई जमीन पर भी कब्जा होना शुरू हो गया है।

राजधानी में नौकरी के सिलसिले में आने वाले लोग महंगे किराए की मार से बचने आरडीए और हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियों में लाखों रुपए का लोन लेकर मकान खरीदने के बाद अब फंस गए हैं। सुविधाओं का अभाव होने की वजह से दफ्तरों और वार्ड प्रतिनिधियों के पास गुहार लगाते फिर रहे हैं। दूसरी तरफ दोनों ही एजेंसियों से मकान और फ्लैट लेने वाले लोगों को सुविधा दिलाने के लिए वार्ड के जिम्मेदार बार-बार पत्र व्यवहार करके थक चुके है। गार्डन और कम्युनिटी हाल बनवाने के लिए छोड़ी गई जमीन के पास की खाली जमीन खरीदने वाले लोग निर्माण के दौरान कब्जा करने लगे हैं। हीरापुर और सरोना में इसी तरह के हालात हैं।

**जिम्मेदारों की बेरुखी से ऐसा हाल**







### बोरियाखुर्द में लोगों को इंतजार

बोरियाखुर्द में भी हीरापुर की तरह आरडीए द्वारा गार्डन बनवाने के लिए छोड़ी गई जमीन वीरान पड़ी है।कॉलोनी समिति के असफाक दानी ने बताया कि एक हजार से ज्यादा परिवार निवास करते हैं। शहर का आउटर इलाका होने से लोगों को यहां जरुरी सुविधा के लिए तरसना पड़ रहा है। गार्डन की जमीन के एक हिस्से पर बाजार बनवाने और बेचने के बाद आरडीए ने चुप्पी साध ली है। लोगों की मांग पर कई बार पत्र व्यवहार किया गया इसके बाद भी कोई हल नहीं निकला है। वहीं आरडीए के जिम्मेदार कॉलोनी समिति की जिम्मेदारी बता रहे हैं।

### रहवासियों की मांग पर लिखा पत्र

कॉलोनी के लोगों ने बताया कि हीरापुर और कबीर नगर में आरडीए एवं हाउसिंग बोर्ड की कॉलोनियों में पांच जगह गार्डन बनाने के लिए जमीन आरक्षित है। इन कॉलोनियों में रहने वाले चार हजार से भी ज्यादा परिवार सुविधाओं की मांग करने जा चुके हैं। 20 साल से भी ज्यादा पुरानी कॉलोनियों में गार्डन बनवाने कई बार पत्र व्यवहार किया। हर बार सिर्फ जल्द निर्माण कराने का आश्वासन मिला, जबकि गार्डन की जमीन पर बेजा कब्जा हो रहा है।

### यहां अब तक नहीं बना गार्डन

कबीर नगर और हीरापुर में पानी टंकी क्रमांक-2 के पास गार्डन बनाने के लिए जगह छोड़ी गई है। वहां की खाली जमीन पर आसपास के लोगों ने पार्किंग बना लिया है। नीलगिरी गार्डन की बाउंड्री होने के बाद भी गेट खोलकर लोग पार्किंग करने लगे हैं। वहीं हाउसिंग बोर्ड की हीरापुर कॉलोनी में गार्डन की जमीन पर लोग कब्जा जमाने लगे हैं। ऐसे ही हालात शिव मंदिर के पास गार्डन की जमीन पर भी बनने लगा हैं। न्यू राजेंद्र नगर की वल्लभ नगर कॉलोनी के लोग भी गार्डन की सुविधा के लिए तरस रहे हैं।

### जानकारी लेंगे, समिति का दायित्व

वैसे तो हाउसिंग बोर्ड की ज्यादातर कॉलोनियों का दायित्व निगम और समिति के पास है। अगर आरक्षित जमीन पर कब्जा हो रहा है, तो मामले को लेकर कॉलोनी की समितियों से बात करके संज्ञान में लेंगे।

**- पीके अग्रवाल,**
अधीक्षण अभियंता,
हाउसिंग बोर्ड, रायपुर

# बीरगांव, धमतरी, भिलाई-चरौदा सहित कई पालिकाओं में अप्रैल से संपत्तिकर वसूली जीआईएस सर्वे के आधार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने नगर निगम बीरगांव, धमतरी, भिलाई-चरौदा समेत कई पालिका क्षेत्रों में संपतिकर की वसूली जीआईए डोर-टू डोर सर्वे डाटा के आधार पर करने के निर्देश दिए हैं। इन निकायों से कहा गया है कि वे 1 अप्रैल से नवीन डिमांड के आधार पर संपत्तिकर एवं समेकित कर की वसूली शुरू करें।



- सूडा ने जारी किया निकायों को निर्देश
- नुकसान हुआ तो जिम्मेदारी तय होगी

### नए डिमांड नोट से करनी है कर वसूली

इस मामले को लेकर राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने संबंधित निकायों के आयुक्तों तथा पालिकाओं के सीएमओ से कहा है कि निकायों द्वारा अनुबंधित एजेंसी के डोर टू डोर संपत्ति सर्वे के कार्य के डाटा का गुणवत्ता परीक्षण की रिपोर्ट सही पाए जाने का प्रमाणपत्र सूडा कार्यालय में उपलब्ध कराया गया है। इसके बाद एजेंसी ने डिमांड नोट तैयार कर संबंधित निकायों को भेजा है। अगर इसके हिसाब से कर वसूली नहीं की गई तो परियोजना प्रभावित होगी और अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे।

### अब करें 1 अप्रैल से वसूली

सूडा ने संबंधित निकायों को निर्देश दिया है कि वे नवीन डिमांड के आधार पर संपत्तिकर-समेकित कर की वसूली 1 अप्रैल 2025 से शुरु करें। अगर ऐसा नहीं किया तो संपत्तिकर वसूली नहीं किए जाने पर निकायों को होने वाली हानि के लिए खुद निकाय के अधिकारी जिम्मेदारी होगी। योजना के तहत तैयार नवीन डिमांड के आधार पर संपत्तिकर संग्रहण प्रारंभ नहीं किए जाने पर अनुशासन की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### ये है मामला

दरअसल विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत संपत्ति कर की वसूली के लिए राज्य के 46 नगरीय निकायों में परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत ड्रोन सर्वे, बेसमैप तैयार करना,फील्ड सर्वे, एवं डिजिटल डोर नंबर प्लेट लगाए जाने है। इसके साथ ही नगरीय निकायों में संपत्ति के डोर टू डोर सर्वे कार्य का गुणवत्ता परीक्षण करने के बाद संपत्तिकर, समेतिक कर के लिए तैयार नवीन डिमांड से संपत्तिकर संग्रहण किया जाना है। लेकिन अब तक की स्थिति में इन निकायों जिसमें बीरगांव, धमतरी, भिलाई चरौदा के साथ कई अन्य पालिकाएं भी शामिल हैं ने अब तक ये काम शुरु नहीं किया है।

# हवा में लटके हवाला के साढ़े चार करोड़, आयकर अफसर बोले- प्रकरण अब तक नहीं पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली के दो दिन पूर्व आमानका थाना क्षेत्र के टाटीबंद के पास कार में जब्त हवाला की रकम साढ़े चार करोड़ रुपए पुलिस के लिए गले की हड्डी बन गई है। जब्त रकम की सूचना आयकर विभाग को देने की बात कह पुलिस अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। इस संबंध में आयकर अफसरों से संपर्क करने पर आयकर अफसरों ने कहा कि संबंधित थाना क्षेत्र ने जरूर उन्हें साढ़े चार करोड़ रुपए जब्ती की जानकारी दी है, लेकिन पुलिस ने अब तक प्रकरण आयकर विभाग के सुपुर्द नहीं की है।

- पुलिस मामले की जांच आयकर विभाग द्वारा करने की बात कह जिम्मेदारी से बच रही
- पुलिस अफसरों से मुख्यालय स्तर पर किया जा रहा जवाब तलब

जब्त हवाला रकम पुलिस ने पहले एक करोड़ 67 लाख रुपए बताई थी। दूसरे दिन पुलिस ने जब्त रकम साढ़े चार करोड़ होने की पुष्टि की। जब्त रकम की आंकड़ो दो दिन के भीतर बदले जाने के बाद पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने लगे। इसके साथ ही पुलिस ने जिन दो लोगों के कब्जे से पैसा जब्ती करने की जानकारी दी थी। पुलिस ने उनके खिलाफ किसी भी तरह से कार्रवाई नहीं की। ऐसे में लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी उंगली उठ रही है।

### आयकर का हवाला देकर बच रही पुलिस

जब्त हवाला रकम को लेकर पुलिस के अलग-अलग अफसरों से संपर्क किया गया। इस पर पुलिस अफसरों ने मामले की जांच आयकर विभाग द्वारा किए जाने की बात कह अपने पास किसी तरह की जानकारी नहीं होने की बात कह अपना बचाव करते दिखे। इसके बाद आयकर अफसरों से संपर्क किया गया तो उनका कहना है कि पुलिस ने जरूर उन्हें साढ़े चार करोड़ रुपए जब्ती किए जाने की बात कही है, लेकिन उन्हें प्रकरण से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी है, इस वजह से आयकर अधिकारी रकम के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं होने की बात कही।



फाइल फोटो

### मुख्यालय ने मांगी जानकारी

जब्त हवाला रकम को लेकर पुलिस मुख्यालय ने गंभीरता से लिया है। हवाला की रकम को लेकर पुलिस ने मामले में अब तक क्या कार्रवाई की है। इसे लेकर संबंधित पुलिस अफसरों से जवाब तलब करने के साथ ही कार्रवाई के बारे में जानकारी मांगी है। जब्त रकम को लेकर अब तक किसी ने अपना होने की दावा नहीं किया है। ऐसे में कार में बरामद रकम हवाला के होने की स्वतः ही पुष्टि हो गई।

# कोयले-बिजली की भरपूर व्यवस्था, गर्मी में उपभोक्ताओं को नहीं लगेगा झटका

- अभी डिमांड 64 मेगावाट, 67 सौ मेगावाट तक जा सकती है खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में बिजली की डिमांड मार्च में 64 सौ मेगावाट तक पहुंच गई है। आगे खपत के 67 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जहां अपने संयंत्रों के लिए भरपूर कोयले की व्यवस्था करके रखी है, वहीं सेंट्रल सेक्टर से भी चार हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेने की व्यवस्था है।

गर्मी में बिजली की कमी न होने का पॉवर कंपनी का दावा है। यह बात अलग है कि ऐन समय में अगर कंपनी के किसी संयंत्र में खराबी आ गई और वह बंद हो गया, तो जरूर कुछ समय के लिए संकट आ सकता है। ऐसे में जरूर कटौती करनी पड़ सकती है। मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जा रहा है। प्रदेश में कई स्थानों पर पारा अभी से 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ऐसे में बिजली की खपत में भी लगातार गर्मी आ रही है। पूरे देश में इस समय बिजली की खपत बढ़ गई है। अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर खपत 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई थी।

### मार्च में पहली बार इतनी खपत

मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी ज्यादा नहीं होती है जितनी अभी हो रही है। पहले फरवरी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई। इसके बाद मार्च में यह खपत 62 सौ मेगावाट के पार हुई। इसके बाद 17 मार्च को पीकआवर में खपत 6376 मेगावाट तक गई। इस समय अपने संयंत्रों में उत्पादन 25 सौ मेगावाट के करीब हो रहा था। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से करीब 37 सौ मेगावाट बिजली ली जा रही थी। 16 मार्च को पांच सौ मेगावाट का एक संयंत्र बंद होने के कारण सेंट्रल सेक्टर से 42 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ी।



### भरपूर कोयला

पॉवर कंपनी के सभी संयंत्रों में इस समय भरपूर कोयला है। हमेशा से मड़वा में कोयले को लेकर परेशानी रहती है, लेकिन इस समय मड़वा में 40 दिनों का कोयले का स्टॉक है। इसी तरह से डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र में 30 दिनों का स्टॉक है। कोरबा वेस्ट में 16 दिनों का स्टॉक है। यहां पर कंवेयर बेल्ट से कोयला आता है, यहां कभी परेशानी नहीं होती है।

### भरपूर व्यवस्था

संयंत्रों में भरपूर कोयला है। इसी के साथ सेंट्रल सेक्टर से भी चार हजार मेगावाट के आस-पास जरूरत के समय बिजली ले सकते हैं। गर्मी में किसी भी तरह से परेशानी नहीं होगी।

**- संजीव कुमार कटियार, एमडी, उत्पादन कंपनी**

### संयंत्र खराब होने पर ही आएगा संकट

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का तो दावा है कि गर्मी को देखते हुए बिजली की भरपूर व्यवस्था की गई है। इसमें संदेह नहीं है कि अगर खपत 65 से 67 सौ मेगावाट तक भी गई तो परेशानी नहीं होगी, क्योंकि अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट हो जाता है, लेकिन यह तब की स्थिति है जब पूरे संयंत्र चलते हैं। सभी संयंत्र चलते रहे तो सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट तक बिजली लेकर पूर्ति हो जाएगी, लेकिन अपने संयंत्रों में खराबी आने पर परेशानी हो सकती है। हमेशा गर्मी में अपने किसी न किसी संयंत्र में खराबी आती है। मार्च में ही तीन दिनों में ही दो संयंत्रों में खराबी चुकी है। हालांकि इसको एक दिन में ठीक कर लिया गया। गर्मी में संयंत्रों में खराबी आने पर कुछ समय के लिए जरूर बिजली का संकट होने पर कटौती हो सकती है। बीते साल भी ऐसे संकट के समय कटौती की गई थी। संकट के समय में हमेशा ही उद्योगों की बिजली कट की जाती है, आम उपभोक्ताओं को परेशानी कम होती है।

**बिजनेस साइट**

# भूजल वैज्ञानिक डॉ. के. पाणिग्राही ने की अपील- 'जल बचाएं, भविष्य बचाएं'

**रायपुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक डॉ. के. पाणिग्राही ने प्रदेशवासियों से जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को अपनाने की अपील की है।

उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते जलसंकट से निपटने के प्रयास नहीं किए गए तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। डॉ. पाणिग्राही के अनुसार, छत्तीसगढ़ को जलसंपन्न राज्य माना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में कई क्षेत्रों में भूजल स्तर में गिरावट देखी गई है। इस समस्या का समाधान सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। डॉ. पाणिग्राही ने रायपुर नगर निगम, जल संसाधन विभाग, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों से जनजागरण अभियान चलाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज के हर वर्ग को इस दिशा में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि हम आज से जल संरक्षण पर ध्यान नहीं देंगे तो आने वाली पीढ़ियों को पानी की गंभीर कमी का सामना करना पड़ेगा।



- हम आज से जल संरक्षण पर ध्यान नहीं देंगे तो आने वाली पीढ़ियों को पानी की गंभीर कमी का सामना करना पड़ेगा






